धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

बुधवार 24.07.2024

**धनबाद, वर्ष 01, अंक 96**

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### जोड़ापोखर में आधी रात में युवक को मारी गोली

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जेलगोड़ा बरारी मोड़ पर दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने जेलगोड़ा निवासी बिनोद सिंह के पुत्र दीपक सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया है। घटना सोमवार की रात 12 बजे की है। घायल अवस्था में दीपक सिंह को दुगार्पुर मिशन अस्पताल ले जाया गया है। जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। गए हुए हैं। मंगलवार की सुबह जोड़ापोखर पुलिस को सूचना मिली तो घटना स्थल पर पहुंच कर गोली का खोखा खोजने में जुट गई, परन्तु खोखा पुलिस को नही मिला है। वही पुलिस अब दीपक को मोबाइल पर फोन कर किस युवक ने घर से 12 बजे रात को बरारी मोड़ बुलाया था, उसकी भी पुलिस तलाश में जुट गई है। वर्ष 2017 में बनियाहिर के रहने वाले डेकोरेटर का पुत्र सौरभ कुमार की हत्या के दर्ज मामले में दीपक जेल जा चुका है। घटना के बाद से दीपक की मा का देहांत हो चुका है, एक भाई प्रदीप एवम पिता बिनोद ही घर में रहते है। यह मामला अब तक न्यायालय में विचारधीन हैं। घटना के सम्बंध में पुलिस कुछ भी बताने से कतरा रही हैं।

### कुमारधुबी स्टेशन पर झामुमो का दो दिनी धरना समाप्त





**कुमारधुबी।** कुमारधुबी रेलवे स्टेशन पर गाड़ियों के ठहराव और ब्लैक डायमंड सुपर फास्ट ट्रेन के समय को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय धरना रेलवे अधिकारी के आश्वासन के बाद आज समाप्त हो गया । ब्लैक डायमंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस के टाइम टेबल में बदलाव व सात ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर झामुमो के कार्यकारिणी सदस्य अशोक मंडल के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा दो दिवसीय धरना कुमारधुबी स्टेशन पर दिया जा रहा था। धरना के दूसरे दिन भी श्री अशोक मंडल ने कहा कि रेलवे के इस फरमान से आम जनता भी परेशान है। वही इंटरसिटी के ठहराव की मांग कई बार की गई है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई है। धरना-प्रदर्शन में काजल चक्रवर्ती, राजू झा, नईम शेख, रामनाथ सोरेन,फारूक अंसारी, रोमी गुप्ता, शमीम खान सहित काफी संख्या में मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल थे।

# पूर्व सैनिक से नौ लाख की ठगी

## एग्यारकुण्ड की घटना पुलिस ने किया केस आरोपी फरार

गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी नितिश कुमार ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक कुणाल पालित की लिखित शिकायत पर एफआईआर दर्ज.कर ली गयी है। नौ लाख रुपए ठगी करने में शामिल भोला राम एवं नीरज सहित अन्य की जल्द गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** एग्यारकुण्ड पानी टंकी निवासी भूतपूर्व सैनिक कुणाल पालित उर्फ पिंका पालित से नौ लाख रुपए की ठगी मामले में गलफरबाड़ी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मुगमा भालुकसुंदा निवासी भोला राम व कुमारधुबी कालीमण्डा निवासी नीरज सिंह सहित पांच लोगों पर ठगी का आरोप है। ठगी में अलग अलग तीन लोगों के बैंक खाता का उपयोग किया गया है। ईंट की फैक्ट्री से जुड़े व्यवसाय के नाम पर नगद चार लाख व पांच लाख रुपए आनलाइन ठगी की गयी है। ठगों ने श्री पालित से धंधे में बड़ा लाभ का लालच और झांसा देकर पांच किस्तों में नौ लाख रुपए ले लिये। और फिर धंधे में सारे रुपए डूब जाने की झूठी बात कह नौ लाख रुपए गबन कर लिये। अब पुलिस इस मामले को लेकर अपराधियों की धर-पकड़ के लिए अभियान को तेज कर दिया है।

### क्या कहता है दर्ज एफआईआर

लगभग डेढ़ साल पूर्व भूतपूर्व सैनिक श्री पालित का एग्यारकुंड स्थित सन्नी होटल में कुमारधुबी कालीमंडा निवासी नीरज सिंह से परिचय हुआ। मौके पर मौजूद पड़ोसी कर्मवीर शर्मा ने परिचय कराया। खास दोस्त बता कुणाल की नीरज से कुछ व्यवसाय करने पर चर्चा करायी। नीरज ने फैक्ट्री खोलने का प्रस्ताव रखा। कहा कि इस धंधे में बहुत लाभ है। इसके बाद नीरज ने भालुकसुंदा मुगमा निवासी साथी भोला राम से भेंट करायी। उसने भी ईंट फैक्ट्री में बहुत लाभ की बात कही। दोनों ने लाभ का लालच और झांसा देकर पहले चार लाख नगद लिये। उक्त राशि कुणाल ने विशाल कर्मकार की उपस्थिति में एग्यारकुण्ड मोड़ में भोला राम के हाथ में दी। मौके पर नीरज भी था। एक माह बाद पीएनबी (पंजाब नेशनल बैंक) के स्टाफ ट्रेनिंग सेंटर राउरकेला (उड़िसा) में कुणाल को नौकरी मिल गयी। एक साल तक बैंक में नौकरी की। इस दौरान कुणाल से व्यवसाय को आगे बढ़ाने के नाम पर चार किस्तों में और पांच लाख रुपए आनलाइन ले लिये। उक्त राशि को भोला राम ने गुड्डू सिंह, तपन मण्डल व राहुल कुमार गिरी के बैंक खाते में मंगवाया। दूसरों के खाते में रूपया क्यों भेजें इस सवाल पर भोला राम ने कहा कि उसका और नीरज का बैंक खाता फ्रीज है। नौकरी के दौरान कुणाल ने दिये गये रुपए व लाभ के बारे में पूछा तो जवाब दिया कि एक साल में हिसाब होगा। लेकिन एक साल बीत जाने पर कोई हिसाब नहीं दिया गया। कुणाल समझ गया कि उसके साथ ठगी हो गयी है। कुणाल तनाव में आ गया और पीएनबी के पूर्व बर्दवान (पश्चिम बंगाल) खीर ग्राम शाखा से नौकरी छोड़ घर आ गया। तनाव में उसका खान पान बिगड़ गया। पेट में गड़बड़ी की शिकायत पर हैदराबाद गया और चेकअप कराया। इस बीच कुणाल ने कई बार भोला व नीरज को फोन किया लेकिन नहीं उठाया। भेंट होने पर बिना हिसाब दिये कहता है कि फैक्ट्री के धंधे में तुम्हारा सारा रूपया डूब गया। रूपया लौटाने की बात पर बुरे अंजाम की धमकी दी जाती है। साथ ही कहता है कि जहां जाना है जाओ हम-दोनों का कुछ नहीं बिगड़ेगा।

### नीरज ने लौटाये एक लाख रुपए

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और 13 जुलाई की रात नीरज को पकड़कर हाजत में बंद कर दिया। सुबह नीरज की पैरवी में कई लोग ओपी पहुंचे। पुलिस के दो लोग भी धनबाद से पैरवी में आ गये। दो दिन में एक लाख रुपए लौटाने और साथी भोला से शेष राशि दिलवाने का भरोसा दिया। ओपी में गणमान्य लोगों की उपस्थिति में नीरज ने लिखित एकरारनामा बनाया। पुलिस ने बोण्ड पर नीरज को छोड़ दिया। नीरज ने दो दिन में एक लाख रुपए कुणाल को लौटा दिये। लेकिन भोला राम से शेष राशि दिलवाने में कोई पहल नहीं की। अंततः पुलिस ने सोमवार को एफआईआर दर्ज कर ली।

### कई लोगों से भोला व नीरज ने की है ठगी

पुलिस जांच में यह बात सामने आयी है कि विभिन्न प्रलोभन देकर भोला व नीरज ने कई लोगों से ठगी की है। अनुसंधान में ठगी का शिकार अन्य लोगों को भी इस मामले में गवाह बनाने की बात हो रही है। हालांकि वे लोग पुलिस से अबतक कोई शिकायत नहीं की है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस रेस हो गयी है और भोला, नीरज सहित अन्य की गिरफ्तारी के लिये प्रयास शुरू कर दी है। फिलहाल भोला व नीरज फरार हैं। पुलिस जल्द ही दोनों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

# पांडरपाला में निकली सर्वधर्म सद्भाव रैली

## लोदना क्षेत्र में रैयतों और आउटसोर्सिंग कर्मियों की झड़प के बाद निषेधाज्ञा

### धनबाद में सद्भाव बनाने में जुटा प्रशासन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिले में हिंसा कम होंने का नाम नही ले रही है। पिछले दिनों शहर के पाण्डरपाला में मुहर्रम के जुलूस के दौरान हुई हिंसक घटना के बाद कुछ छूट के साथ निषेधाज्ञा जारी है। वहीं इस घटना के बाद भूली ओपी प्रभारी शेखर कुमार पर भी गाज गिरी है। उन्हें वहां से हटा कर धनबाद थाना में जेएसआई के रूप में कर दी गई है। उनकी जगह भूली में अभिनव कुमार को तैनात किया गया है प्रइ्ारी बनाया गया है। शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक निषेधाज्ञा में फिलहाल ढ़ील दी गई है। वहीं इस इलाके में सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों केसाथ मंगलवार को सर्वधर्म सद्भाव रैली निकाली। सभी लोगों से मिलकर आपसी भाईचार बनाये रखने की अपील की गई। सद्भाव रैली का जगह-जगह हिंदू एवं मुस्लिम समाज के लोगों ने स्वागत किया तथा क्षेत्र में शांति बहाल करने का संदेश दिया। दूसरी ओर। बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र के साउथ तीसरा कोलियरी में सोमवार को ओबी डंप करने को लेकर रैयतों और आउटसोर्सिंग कर्मियों के बीच हुई झड़प के बाद देर शाम एसडीएम उदय रजक को निषेधाज्ञा आदेश जारी करना पड़ा। ओबी डंप के 500 मीटर परिधि तक निषेधाज्ञा जारी किया गया है। पांच से अधिक लोग इस क्षेत्र में जमा नहीं हो सकते है।

ज्ञात हो कि इस घटना में दोंनो ओर पत्थरबाजी हुई थी। जिसमें दोंनो पक्ष के छह लोग घायल हो गए थे। ये सभी एसएनएमएमसीएच में ईलाजरत्त है। इस मामले में ग्रामीणों का आरोप है कि लोदना प्रबंधन वर्षो से सुरूंगा मौजा की सैकड़ों एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर उत्खनन कार्य और ओबी डंप करने का काम कर रहा है। लेकिन जमीन का मुआवाजा अभी तक नहीं मिला है। इसे लेकर पिछले छह माह से ओबी डंपिंग पर तत्काल रोक लगाने की मांग लोग कर रहे है। आंदोलन के दौरान फरवरी में रैयतों के संग आउटसोसिँग कर्मियों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। वहीं अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि इस मामले में जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा साढ़े चौदह बीघा जमीन का मुआवाजा राशि जमा किया है। लेकिन वास्तविक रैयतों द्वारा जमीनों की प्रर्याप्त कागजात जमा नहीं किए जाने मुआवाजा का भुगतान नहीं हो पाया है। जिसको लेकर रैयतों और प्रबंधन के बीच गतिरोध बना हुआ है।

### बीआईटी सिंदरी में बीटेक में दाखिला के लिये निकला निर्देश

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी में बीटेक में सत्र 2024 - 28 में पहले दौर की काउंसलिंग के बाद दाखिला लेने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रबंधन ने मंगलवार को जरूरी दिशानिर्देश जारी कर दिया है। संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय ने बताया कि उन्हें 24 से 30 जुलाई तक संस्थान के देशपांडे आडिटोरियम में जरूरी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के लिए अलॉटमेंट पत्र दिया गया है। इनमें आईटी इंजीनियरिंग के छात्र 24 जुलाई 2024, ईसीई और केमिकल इंजीनियरिंग के छात्र 25 जुलाई 2024, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और सीएसई के छात्र व छात्रा 26 जुलाई, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और प्रोडक्शन व इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के प्रतिभागी 27 जुलाई, सिविल इंजीनियरिंग के प्रतिभागियों को उपस्थिति होने को कहा गया है।

### फुसरो में आरसीएम सेंटर का उद्घाटन

**बेरमो।** फुसरो के शास्त्री नगर स्थित पटेल चौक के पास आरसीएम वंडर वर्ल्ड सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि 16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय और आरसीएम स्टार रंबी नंदन मिश्रा और रूबी मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि आरसीएम वंडर वर्ल्ड सेंटर खुलने से स्थानीय लोगों को किफायती दर पर सामान मिलेंगे। आरसीएम के उत्पाद जहा एक ओर गुणवत्ता युक्त है।

# डेंगू रोकथाम के लिए वासेपुर में कंटेनर सर्वे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** डेंगू के संभावित लक्षण वाले मरीज के पाने के बाद जिले का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। मरीज के आवासीय इलाके में रोग निरोधक उपाय का निदेश दिया गया है।उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने वासेपुर, रमजान मंजिल, कबाड़ी पट्टी में कंटेनर सर्वे, लावार्नाशी दवा का छिड़काव सहित अन्य कदम उठाया है।

इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन तथा वीबीडी सलाहकार श्री रमेश कुमार सिंह ने बताया कि 19 जुलाई को एसएनएमएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगू के दो संभावित लक्षण वाले मरीज के ब्लड सैंपल की जांच एलाइजा माध्यम से की गई। जांच में एक मरीज के धनात्मक होने की पुष्टि की गई। मरीज वासेपुर, रमजान मंजिल, कबड्डी पट्टी की निवासी है। वह 4 जुलाई को अपने मायके गया बिहार गई थी। वहां से लौटने पर 11 जुलाई को बुखार शुरू हुआ। बुखार आने पर धनबाद नर्सिंग होम में भर्ती हुई। वहां एनएसआई जांच के आधार पर डेंगू बताया गया। मरीज के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने के कारण 18 जुलाई को जांच की गई। जांच में वह ऋणात्मक पाया गया। रोगी का ब्लड सैंपल एसएनएमएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी में भेजा गया। जहां 20 जुलाई को एलाइजा जांच में घनात्मक पाया गया।19 जुलाई को जिला स्तरीय टीम गठित कर वासेपुर, रमजान मंजिल, कबाड्डी पट्टी में कंटेनर सर्वे, लावार्नाशी दवा का छिड़काव, जन जागरूकता कार्यक्रम, हैंड बिल का वितरण के साथ-साथ घनात्मक मरीज के घर के आस-पास के कुल 36 घरों की जांच की गई। जांच के दौरान कोई भी डेंगू के संभावित लक्षण वाले मरीज नहीं मिले। पुनः जिला स्तरीय टीम द्वारा वासेपुर, रमजान मंजिल, कबाड्डी पट्टी में कंटेनर सर्वे, लावार्नाशी दवा का छिड़काव, जन जागरूकता कार्यक्रम, हैंड बिल का वितरण के साथ-साथ घनात्मक मरीज के घर के आस-पास के कुल 81 घरों की जांच की गई।

# दिव्यांग बच्चों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

## डालसा ने बनाया स्पेशल टॉस्क फोर्स



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** दिव्यांग बच्चों को अब सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। डालसा ने इसका बीड़ा उठाया है। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार ने इसके लिए विशेष योजना लॉन्च की है । जिसके आलोक में मंगलवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने विशेष बैठक कर स्पेशल टास्क फोर्स बनाया है। स्पेशल टास्क फोर्स में डालसा सचिव, सिविल सर्जन , जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी,एवं एनजीओ शामिल रहेंगे। इस बाबत जानकारी देते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने बताया कि वैसे बच्चे जो मानसिक अथवा शारीरिक रूप से दिव्यांग है या उसके माता-पिता दिव्यांग है ,या वैसे बच्चे जो बेहद गरीब है गरीबी के कारण उन्हें शिक्षा नहीं मिल पा रही है उन्हें चिन्हित कर उन्हें दिव्यांग का सर्टिफिकेट जारी कराया जाएगा। सभी विभागों, एनजीओ से समन्वय स्थापित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें इसका लाभ मिल सके। 15 अगस्त से लेकर 26 अगस्त तक स्पेशल मेगा कैंप लगाया जाएगा जिसमें दिव्यांगों को सभी सुविधा ऑन स्पॉट दी जाएगी उन्होंने बताया कि सभी सरकारी संस्थानों में यह बोर्ड लगाना आवश्यक होगा कि यहां दिव्यांगों के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है।अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने बताया कि अब तक दो सौ दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर लिया गया है।

### जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की दी जायेगी जानकारी

24 जुलाई से 31 जुलाई तक बच्चों के परिजनों से आवेदन लिया जाएगा तत्पश्चात संबंधित विभाग को प्रेषित कर अविलंब उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। एक अगस्त से सात अगस्त तक बच्चों के बीच जुवेनाइल जस्टिस एक्ट से संबंधित कानून की जानकारी देने के लिए शिविर तथा आठ अगस्त से पंद्रह अगस्त तक शिक्षण संस्थानों में जागरूकता शिविर लगाया जाएगा बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारी सीडब्ल्यूसी चेयरमैन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, नगर निगम के पदाधिकारी,एनजीओ समेत अन्य उपस्थित थे।

**एक नजर में**

### स्थानीय को नियोजन की मांग पर प्रदर्शन



**कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र के न्यू मधुबन वाशरी में पूर्व से कार्यरत सुरक्षा प्रहरी एवं विस्थापित वेरोजगारों के नियोजन तथा झारखंड सरकार के नियोजन नियम स्थानीय बेरोजगारों को 75 प्रतिशत कंपनी में नियोजित करने की मांग को लेकर एटक के बैनर तले मजदूरों ने वाशरी में प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान बुधवार को प्रबंधन द्वारा वार्ता कर समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया गया. मौके पर मोती दास, प्रकाश चौहान, गोपाल सिंह, टिंकू लाला, राजू शर्मा, डेगलाल रवानी, शिवचरण मांझी, गौरभ पांडे, सुरेश रवानी, विष्णु महतो, पिंटू राय, धनेश्वर टुड्डू, विक्रम यादव, नरेश महतो, उत्तम ठाकुर, संदीप रवानी, मुकेश महतो, बाना महतो, अनूप पांडे इत्यादि उपस्थित थे।

### बाल तस्करों से दो किशोरी को कराया मुक्त

**सबेरा फाउंडेशन के कार्यकर्ता की पहल**

**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के कोदाईबांक मुख्य सड़क के पास बाल तस्करी के मामले में दो किशोरी को सबेरा फाउंडेशन के बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज कुमार के सूचना पर तिसरी पुलिस ने चार पहिया वाहन से बरामद किया। पुलिस द्वारा किशोरी से पूछताछ के बाद सीडब्लूसी को सोंपने की प्रक्रिया में जुटी है। इस संबंध में सवेरा फाउंडेशन एवं बाल अधिकार के कार्यकर्ता इंकज कुमार ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि किसी व्यक्ति द्वारा लोकाई पंचायत से दो नाबालिक युवती उम्र लगभग 12 वर्ष को काम कराने के लिए एवं कुछ पैसों का लालच देकर मजदूरी कराने के लिए बाहर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर बाल अधिकार के कार्यकर्ता इंकज कुमार ने तुरंत तिसरी पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद तिसरी थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तिसरी कोदाईबांक मुख्य सड़क पर दो किशोरी सहित बाल तस्करों को पकड़कर तिसरी थाना ले गए। इधर मामले में तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक ने बताया कि पूछताछ करने के बाद नाबालिक युवती को सीडब्ल्यूसी गिरिडीह को सौपा गया है। कहा कि आवेदन मिलने के बाद आगे कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### स्वदेशी विचारधारा के साथ संघ ने शून्य से शिखर तक का किया सफर : सुनील उरांव

**धनबाद।** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ( भामसंघ)ने मंगलवार को पुलिस लाईन स्थित विश्वकर्मा भवन में भारतीय मजदूर संघ का 70वां स्थापना दिवस मनाया। भामसंघ के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार उरांव ने कहा कि मन में सच्ची लगन और कुछ करने का जज्बा हो तो मुश्किल से मुश्किल काम आसान हो जाता है। इस बात को भारतीय मजदूर संघ ने सच कर दिखाया है। श्रमिक संगठन के रूप में शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। यह संघ के एक-एक समर्पित निष्ठावान कार्यकताओं के निस्वार्थ कार्य का फल है। धाकोकसंध के अध्यक्ष मुरारी तांती ने कहा कि कि 23 जुलाई 1955 को भोपाल में स्वर्गीय दत्तोपंत ठेंगड़ी के नेतृत्व में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की गई थी। कोयला, इस्पात, बैंक, बीमा, रेल, आदि क्षेत्रों में पहले अन्य संगठनों की तूती बोलती थी ऐसे वक्त में संघ ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

# निगम वसूलता पार्किंग चार्ज, डीसी कहतीं हैं जाम हटाओ

- **अतिक्रमण उन्मूलन के नाम पर उगाही का धंधा**
- **जाम से कराह रहे हैं धनबाद के चौक-चौराहे**

**मिथिलेश कुमार**



**धनबाद।** कोयलांचल मुख्यालय धनबाद में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान नगर निगम का धन उगाही अभियान बन गया है। एक ओर जहां उपायुक्त माधवी मिश्र सड़कों से जाम हटाने का आदेश देते नहीं थक रहीं वहीं नगर निगम चौक-चौराहों की नीलामी कर धन बटोरने में लगा है। जाम हटाने की जिम्मेवारी ढोने वाली पुलिस दोनों के बीच झूल रही है। दरअसल शहर में अतिक्रमण के खिलाफ चल रहा अभियान सिर्फ आईवास है। जो लोग अभियान चलाते है, वहीं लोग दुबार अतिक्रमण करने की छूट भी प्रदान कर देते है। नगर निगम द्वारा पिछले दिनों अभय सुंदरी स्कूल से धनबाद अंचल कार्यालय तक चलाये गए अभियान की भी यही कहानी है। इस अभियान के बाद सड़क किनारे दुकाने फिर से सजने लगी है। फास्ट फूड की दुकान ने अपनी जगह ले ली है। वहीं डाभ, बाईक रिपेरिंग, चाय, नास्ता की दुकान भी अपने स्थान पर आराम से चल रही है। एक दो दुकानदारों ने तो अपनी गुमटी बजी खड़ी कर ली है। बरटांड़ के पास हाउसिंग कालोनी जाने वाले मार्ग के मोड़ पर सड़क पर ही होटल चल रहा है। बरटांड़ बस स्टैंड में 25 से अधिक बड़े-बड़े ढाबे खुले हैं। कोई रोकने-टोकने वाला नहीं है।स्थानीय लोगों की माने तो सड़क किनारे से दुकाने हटाये जाने के बाद निगम के सुपरवाईजरों का दो चार दिनों तक आना जाना रहता है। इसी दौरान उनकी दुकानदारों के साथ डील होती है और उजाड़ी गयी इ दुकाने अपनी जगह पर फिर से सज जाती है। अगले कुछ दिनों बाद शेष बचे दुकानदार भी लेनदेन कर अपनी जगह पर पहुंच जायेंगे। यानी सड़क पर एक बार फिर से जाम की स्थिति उत्पन्न होंने वाली है।

अतिक्रमण के खिलाफ हमलोग लगातार अभियान चला रहे है। इसके बाद भी पुनः सड़क को अतिक्रमण कर लिया जा रहा है तो इसमें क्या किया जा सकता है। हमलोग तो अपना काम कर ही रहे है। रही बात अभय सुंदरी स्कूल से धनबाद अंचल कार्यालय तक फिर से अतिक्रमण करने की। तो आपकों बता दे कि यहां ग्रीन पैच का निर्माण किया जाना है। जो भी दुकानें दुबारा लगायी जा रही है, वो सब हटेगी।

### इन स्थानों पर जारी है अतिक्रमण

शहर में अतिक्रमण अभिशाप बन चुका है। हीरापुर हटिया मोड़ से हटिया बाजार, पार्क मार्केट, पुलिस लाईन, कोर्ट मोड़, रणधीर वर्मा चौक से तीवारी होटल, सीटी सेंटर से सीएमआरआई गेट, बैंक मोड़ चौक से धोवाटांड़, बैंक मोड़ से मटकुरिया, पुराना बाजार पानी टंकी, पुराना बाजार से रेलवे फाटक, स्टीलगेट सहित झरिया, कतरास आदि क्षेत्रों में निगम की टीम अभियान तो चलाती है। लेकिन यही टीम तमाम पैरवी और लेने देने के आगे झुक जाती है। सोमवार को सड़क सुरक्षा की बैठक में डीसी माधवी मिश्र ने सड़क जाम हटाने की कड़ी हिदायत संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को दी है। लेकिन विभागों में समन्वय नहीं होने के कारण डीसी का आदेश मूर्त रूप नहीं ले पा रहा है

### सड़क का अतिक्रमण करने में निगम आगे

शहर में आम और खास के साथ साथ नगर निगम द्वारा भी सड़क का अतिक्रमण किया जाता है। बैंक मोड़, सीटी सेंटर, स्टीलगेट आदि स्थानों पर सड़क पर वाहन खड़ा कर निगम ही पार्किंग शुल्क वसूल कराता है। इन स्थानों पर हर साल पार्किंग स्थलों की निलामी की जाती है। जिसके कारण गंभीर सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। रणधीर वर्मा चौक से तिवारी होटल तक अतिक्रमण हटाये जाने के बाद अब यहां वाहनों का कब्जा है। दो पहिया और चार पहिया वाहन चालक, सड़क किनारे खाली जगह के साथ साथ सड़क पर वाहन खड़ा करने का काम करते है। ऐसे ही कई स्थान है जहां सड़क पर वाहन खड़ा रहने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है।



# केंद्र में तीसरी बार बनी नमो सरकार का पहला बजट

## सत्ता पक्ष ने कहा देश के विकास का आईना तो विपक्ष ने गिनाई खामिया,रोजगार की घोषणाओं का स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश कर दिया। विभिन्न सेक्टर से जुड़े लोगों ने अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि बजट काफी नपा-तुला रहा। किसी ने बजट की सराहना की, तो किसी ने इसे विकास का गेटवे बताया। वित्त मंत्री ने शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। व्यापारियों ने बजट को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। लोगों ने कहा- मोबाइल फोन और पाट्‌र्स- पीसीबी और मोबाइल फोन चार्जर पर कस्टम ड्यूटी 15 फीसदी घटाई गई है। वहीं 25 आवश्यक खनिजों पर सीमा शुल्क नहीं लगेगा। सोलर सेल और सोलर पैनल के निर्माण की वस्तु पर टैक्स में छूट मिला है जो आम आदमी के लिए राहत की बात हैं।



### सर्वसमावेशी व सर्व स्पर्शी हैं बजट

भाजपा जिला उपाध्यक्ष **संजय कुमार झा** ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट सर्वसमावेशी व सर्व स्पर्शी है जिसमें गरीब, किसान, महिला और युवाओं को विशेष रूप से फोकस किया गया।

यह बजट नौ सूत्री प्राथमिकताओं के आधार पर अमृत काल से शताब्दी वर्ष के स्वर्णिम सफर का बुनियाद बनेगा।

मिला जुला कर सभी वर्ग को ध्यान में रख कर यह बजट बनाया गया है जो स्वागत योग्य है।



### सभी-वर्ग को ध्यान में रखा बनाया गया बजट

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, प्रदेश कोषाध्यक्ष **रमा सिन्हा** ने बताया कि वित्त मंत्री के द्वारा लाया गया बजट बहुत ही सराहनीय है। देश को समृद्ध और विकसित भारत की ओर ले जाने वाला ये बजट है। इस बजट में मध्यम वर्ग के लोगों फायदा होगा नौकरी पेशा का टेक्स स्लैब बढ़ाया। 15000 करोड़ आंध्र प्रदेश को राजधानी बनाने के लिए दिए गए 59 हजार करोड़ का बिहार को सुपर पैकेज दिया गया । गरीबों के लिए कैंसर की तीन दवाइयां सस्ती हुई।



### महिला सशक्तिकरण को लेकर विशेष कुछ बजट में नही

धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी, जिलाध्यक्ष **सीता राणा** ने बताया कि बजट निराशाजनक और भ्रामक है। महिला सशक्तिकरण को लेकर विशेष कुछ बजट में नही किया गया है। स्वाबलंबन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के क्षेत्र में पूर्व की घोषणा भी धरातल पर नही आई। एम एस एम ई की ऋण योजना गरीब महिला और निम्न मध्यम वर्ग की महिलाओं को नही मिला। कौशल विकास के नाम पर सरकार ने युवा वर्ग के साथ धोखा पहले भी किया।



### निराशाजनक रहा बजट

सीनियर सिटीजन **रामनुज प्रसाद** ने बताया कि देश के सामने सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और रोजगार सृजन के क्षेत्र में मोदी सरकार और निर्मला सीतारमण का बजट पूरी तरह विफल रही है। वहीं करदाताओं को कोई छूट नही दिया गया बल्कि कर स्लैब को तीन लाख कर भार बढ़ाया गया है। जिससे कर दाताओं को नुकसान होगा। बजट एक ऐसे आदर्श वाक्य पर निर्भर है जो वास्तविक जीवन में कभी फलीभूत नही होता। बजट पूरी तरह से भ्रामक और लोगों को गुमराह करने वाला हैं।



### स्वास्थ्य को लेकर लिए गए अहम फैसला

**भूली के चर्चित डॉ. बालेश्वर प्रसाद कुशवाह** ने शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर भी काफी अहम फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि जो नए मेडिकल कॉलेज खुलने जा रहे हैं। युवाओं को बेहतर शिक्षा मिलेगी। कम पैसे में बेहतर शिक्षा लेकर जब युवा अपने क्षेत्र में लोगों की इलाज करेगा तो गांव के लोगों को शहर में नहीं जाना पड़ेगा। वित्त मंत्री ने हर साल एक लाख छात्र-छात्राओं 10 लाख रुपये तक शिक्षा ऋण जाने और सालाना ब्याज में 3 फीसदी की छूट की घोषणा की।



### मोबाइल के भी रेट कम किए

**व्यवसाय गोलू पांडेय** ने बताया कि मोदी सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को लेकर इस बजट में काफी प्रयास किया है। ऊर्जा के स्रोत में भी काफी बेहतर काम हुआ है। जितने पैनल लगाए जा रहे हैं उसे पर सब्सिडी दी गई है। मोबाइल के भी रेट कम किए गए हैं। इन्होंने बताया कि पांच साल में 1000 आइटीआइ के उन्नयन का लक्ष्य रखा गया है और टॉप 5 कंपनियां पांच वर्षों 1 करोड़ युवाओं को 5 हजार रुपये मानदेय के साथ 12 माह की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप का अवसर देंगी।



### कुर्सी बचाओ बजट

प्रतिनिधि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी व अधिवक्ता, **मनोज कुमार यादव** ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा पेश किया बजट कुर्सी बचाओ बजट है अन्य राज्यों की कीमत पर सहयोगी नीतीश कुमार एवं चांद बाबू नायडू को खुश करने के लिए खोखले वादे किए गए है वही इन्होंने बताया कि बजट 2024 से आम भारतीयों को कोई राहत नहीं है मोदी सरकार द्वारा झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है पूरे देश के अधिवक्ताओं के किसी भी हित का ख्याल रखा नहीं गया।

---

**स्पीड न्यूज**

### चिटाही जमीन विवाद मामले में एक आरोपी को जेल भेज

**कतरास।** चर्चित राम राज मंदिर चिटाही गांव में विगत 11 जुलाई के दिन हुए जमीन विवाद में मारपीट के मामले में एक नामजद आरोपी आनंद शर्मा को बरोरा थाना की पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेज दिया. मालूम हो की इस मामले में प्रथम पक्ष की पीड़िता नीरा देवी के लिखित बयान पर धनबाद के सांसद ढुल्लु महतो के अतिरिक्त 11 नामजद व 12 अज्ञात लोगो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है जबकि दूसरे पक्ष की पीड़ित महिला पूजा देवी के लिखित बयान पर चिटाही निवासी डोमन महतो, सुरेश महतो व अन्य पर जातिसूचक शब्द बोलकर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है।

### चंद्रशेखर आजाद की 119 वी जयंती

**जोड़ापोखर।** जीतपुर तिवारी बस्ती भूतगड़िया आजाद चौक पर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की 119 जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाजसेवी कार्तिक तिवारी ने शहीद आजाद की तसवीर पर माल्यार्पण किया। श्रधंजलि देने वाले में हैं दीपक तिवारी, बाबू दे,राजेंद्र तिवारी, आदि थे।

### मुखिया चंचल देवी ने किया पुस्तक वितरण

**कुमारधुबी।** कुमारधुबी हिंदी मध्य विद्यालय में मंगलवार को कक्षा एक दो और 3 के छात्र छात्राओं को शिवली बाड़ी दक्षिण पंचायत की मुखिया चंचल देवी के द्वारा 50 छात्र-छात्राओ को पुस्तक का वितरण किया गया। वहीं मुखिया चंचल देवी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे पुस्तक को बच्चों के बीच बांटा गया है, जिसेस पढ़ाई में बच्चों को सुविधा होगी और बच्चे भविष्य में आगे बढ़ने का काम करेंगे। वहीं मुखिया चंचल देवी ने बच्चों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर स्कूल प्रधानाध्यापक शिवराम, शिक्षक नंद किशोर, शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आईएमए ने बायोमेडिकल वेस्ट के निष्पादन को लेकर नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन

**धनबाद।** जिले के सरकारी और निजी अस्पतालों से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट को लेकर मंगलार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों ने नगर आयुक्त रविराज शर्मा से मुलाकात की। सदस्यों ने बताया कि शहरी क्षेत्र में बायोमेडिकल वेस्ट का निष्पादन ठीक से नहीं हो रहा है। खुले में इसे छोड़ने से कई दुष्परिणाम सामने आ सकते है। इसमें निगम स्तर पर पहल करने की जरूरत है। इस संदर्भ में एक ज्ञापन भी दिया। वहीं इस मामले में नगर आयुक्त ने बताया कि बायोवेस्ट को लेकर निगम गंभीर है। इसके निपटारे के लिए डीसी के आदेश पर कार्य किया जा रहा है।

## समाहरणालय कर्मियों का धरना दूसरे दिन भी जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** अनुसचिवीय कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल के कारण समाहरणालय में कामकाज लगभग पूरी तरह ठप है। इनकी 9 सूत्री मांगें हैं। इस संवर्ग के सदस्यों की हड़ताल का असर समाहरणालय के साथ-साथ अनुमंडल, अंचल एवम् प्रखंड कार्यालयों पर भी पड़ रहा है । सभी कार्य पूर्णरूपेण बाधित है। संघ के जिला मंत्री राज कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वाण पर आंदोलन किया जा रहा है. । उनकी प्रमुख मांगों में निम्नवर्गीय लिपिक का ग्रेड पे 1900 से 2400 करना, अन्य वेतन में संशोधन, सभी शाखा में पदों का सृजन, समाहरणालय लिपिकों का नाम परिवर्तन, चतुर्थवर्गीय कर्मियों को योग्यता के आधार पर लिपिक में प्रमोशन ,कर्मियों की सेवा निवृत्ति 60 से बढ़ाकर 65 वर्ष करना आदि है।

जिला मंत्री राज कुमार सिंह,शांतनु सरकार, जितेंद्र रजवार थे।

## बाघमारा में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम

**● जदयू व यूथ फोर्स का उग्र प्रदर्शन**

**कतरास।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम हल्ला बोल पोल खोल के तहत भ्रष्टाचार एवं सरकारी योजनाओं में लूट खसोट के विरुद्ध बाघमारा प्रखंड जनता दल यू जदयू व यूथ फोर्स के बैनर तले मंगलवार को बाघमारा प्रखंड कार्यालय में विशाल प्रदर्शन किया गया।



इस मौके पर सर्वप्रथम डुमरा मोड़ पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह एवं जदयू धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से राजा स्व. सत्येन्द्र नारायण सिंह की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. इसके बाद जुलूस के शक्ल में हजारों कार्यकर्त्ता नारा लगाते हुए गाजे बाजे के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचे. मौके पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि बाघमारा प्रखंड में योजनाओं में लुट खसोट मचा हुआ है. गरीबों का कोई काम नहीं हो रहा है. लोग परेशान हैं. अबुआ आवास, दाखिल खारिज, पेंशन, आय, आवासीय, जाति प्रमाण पत्र, आदि गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाओं में लुट मची हुई है।

जरुरतमंद लोगों को परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है. जनता पस्त है और अधिकारी लुट में व्यस्त है. जदयू पार्टी भ्रष्टाचार और परिवारवाद विरोधी पार्टी है. जनता को अधिकार मिले इसके लिए जदयू व यूथ फोर्स संघर्ष कर रहा है।

मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने कहा कि हमलोग भारत देश के नागरिक हैं. गरीब,मजदूर,महिलाओं का हक अधिकार को छिनने का प्रयास करेगा तो जदयू पार्टी के कार्यकर्ता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी. इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने 41 सूत्री मांगपत्र सौंपा । कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चंद्र गोप और संचालन सुरज कुमार सिंह ने किया।

**एक नजर में**

### टीएलएम दिवस पर शिक्षकों व अभिभावकों को निपुण भारत एवं एफएलएन की जानकारी दी गई



**मैथन।** वरीय बुनियादी मध्य विद्यालय निरसा के आईसीटी कक्ष में मंगलवार को टीएलएम दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं आसपास के समुदाय के लोगों को निपुण भारत एवं एफएलएन की जानकारी विस्तार से दी गई। यह जानकारी वरीय बुनियादी मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक सह केआरपी (एफएलएन, जेसीईआरटी) राम शंकर तिवारी ने दिया। उन्होंने कहा कि निपुण भारत का उद्देश्य 3 से 9 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की सीखने की जरूरतों को पूरा करना है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है, कि देश का प्रत्येक बच्चा 2026-27 तक ग्रेड 3 के अंत तक मूलभूत साक्षरता और संख्या गणना कौशल आवश्यक रूप से प्राप्त कर सके। बच्चों को संख्या, माप और आकार के क्षेत्र में तर्क को समझाने के लिए और उन्हें संख्यात्मकता एवं स्थानिक समझ कौशल के माध्यम से समस्या का समाधान कर सक्षम बनाना है। इसके अलावा सभी छात्रों के सीखने के स्तर पर नजर रखना और छात्रों को रचनात्मक शिक्षा के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि बच्चों को सतत पठन और लेखन कौशल की समझ के साथ प्रेरित करना और लेखन शैली में सक्षम बनाना है। खेल, खोज और गतिविधि आधारित शिक्षाशास्त्र को शामिल करके, बच्चों को दैनिक जीवन स्थितियों से जोड़कर कक्षा में समावेशी वातावरण सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर वरीय बुनियादी मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभार कुमार चतुर्वेदी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केदार यादव, सदस्य विजय गुप्ता, मनोज यादव, सुलेखा रवानी, लक्ष्मी कुमारी मौजूद थे।

### मटकुरिया गोलीकांड मे गवाह का बयान दर्ज

**धनबाद ।** मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी के अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान कांड के आरोपी पूर्व मंत्री बच्चा सिंह, मन्नान मल्लिक, व अन्य हाजिर नहीं थे। अपर लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने गवाह महेंद्र भगानिया को पेश किया जिसने घटना का समर्थन किया ।मालूम हो की 27 अप्रैल 11 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी। घटना में तत्कालीन एसपी आर.के धान जख्मी हो गए थे। वहीं विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। तत्कालीन एसडीओ जॉर्ज कुमार के लिखित प्रतिवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 38 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

## बाल विवाह एवं डायन प्रथा के प्रति जागरूकता के लिये कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड सभागार में मंगलवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बीडीओ मुरली यादव, प्रमुख अंजना हेम्ब्रम, बीस सूत्री अध्यक्ष बीरबल अंसारी मुख्य रूप से मौजूद थे। बीडीओ नें अपने संबोधन में कहा कि डायन प्रथा, बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी को प्रथाओं को समाज से पूरी तरह से हटाना बहुत जरूरी है।



इस कारण कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती है। और यह तभी संभव है जब हम सभी मिलकर जागरूकता फैलाएंगे।प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बीरबल अंसारी ने कहा कि समाज में विशेष का रीवा पीढ़ी शराब के नशे के लत में दिनों दिन चले जा रहे हैं। जिसे समाज पर काफी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। हम सभी को मिलकर अपने क्षेत्र के युवाओं को नशा छुड़ाने से बचने हेतु जागरूकता फैलानी है। प्रमुख अंजना हेंब्रम ने भी कहा कि कुप्रथा किसी भी सूरत में समझ में नहीं होनी चाहिए। इससे समाज को भारी नुकसान होता है। युवा नशा की लत में ना पड़े इसको लेकर हमें जागरुक करना है। नारायणपुर प्रखंड से कम से कम बेरोजगारों को रोजगार देने का लक्ष्य है। सेविका के पास निशुल्क फॉर्म उपलब्ध करा दिया गया है।

## सीबीएच ग्रुप से अन्यत्र स्थानांतरण के विरोध में मजदूरों ने किया ट्रांसपोर्टिंग ठप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** ईसीएल चापापुर कोलियरी के भूमिगत खदान के मजदूरों का स्थानांतरण श्यामपुर बी कोलियरी में किए जाने के विरोध में मजदूरों ने मंगलवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कोलियरी एवं ओसीपी का ट्रांसपोर्टिंग लगभग 4 घंटे के लिए ठप कर दिया। बाद में क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक रति मोहन शर्मा द्वारा बुधवार को महाप्रबंधक के साथ वार्ता करवा कर मामले का समाधान करने के आश्वासन देने के बाद मजदूर शांत हुए तथा ट्रांसपोर्टिंग शुरू हुई। इस संबंध में बीसीकेयू के अमित मुखर्जी ने बताया कि चापापुर कोलियरी के भूमिगत खदान को प्रबंधन द्वारा बंद किया जा रहा है। हम लोगों के साथ प्रबंधन की पूर्व में हुई वार्ता में सहमति बनी थी कि चापापुर कोलियरी के भूमिगत खदान में कार्यरत मजदूरों को सीबीएच ( चापापुर,हरियाजाम, बैजना) ग्रुप के कोलियरियों में स्थानांतरण किया जाएगा। जो मजदूर सुरक्षा से अन्यत्र कोलियरी में जाना चाहते हैं उन पर किसी प्रकार की पाबंदी नहीं है। परंतु प्रबंधन अपने वादे से मुकर रहा है तथा मंगलवार को 21 मजदूरों का स्थानांतरण श्यामपुर बी कोलियरी में करने का पत्र निर्गत कर दिया। उन्होंने कहा कि और तो और चापापुर ओसीपी कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनियां के वाहनों के आवाजाही के कारण कोलियरी आने का रास्ता कीचड़ से भर गया है। आउटसोर्सिंग प्रबंधन सड़क से कीचड़ का साफ सफाई नहीं कर रहा। जिसके कारण कई मजदूर गिरकर घायल हो चुके हैं।

### अपर समाहर्ता ने जनता दरबार में सुनी फरियाद

**धनबाद।** समाहरणालय में मंगलवार को अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने जनता दरबार लगाया। जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायते सुनी। जिसमें सड़क निर्माण, पारिवारिक विवाद, स्वास्थ्य समस्या, रोजगार एवं शिक्षा, जमीन विवाद, जाति आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने, पेंशन, राशन कार्ड आदि से जुड़े मामले शामिल थे। अपर समाहर्ता ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

### सिंदरी के नये थाना प्रभारी ने दिया योगदान

**सिंदरी ।** सिंदरी थाना के नये थाना प्रभारी सह निरीक्षक संजय कुमार ने मंगलवार को योगदान दे दिया है। उनका तबादला धनबाद के तोपचांची सर्किल से सिंदरी थाना में किया गया है। उन्होंने कहा कि सिंदरी में शांति व्यवस्था कायम रखना पहला उद्देश्य होगा। उन्होंने कहा कि अवैध धंधेबाजों और कारोबारियों पर पैनी नजर रखी जाएगी।

### कोलियरी में स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद



**कतरास।** रामकनाली कोलियरी पार्श्वनाथ उधान में देश के महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी, शहीद शिरोमणि चंद्रशेखर आजाद एवं राष्ट्रवादी बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर दोनों महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. मौके पर देश के महान स्वतंत्रता सेनानी, आजाद हिन्द फौज के झांसी रानी लक्ष्मीबाई रेजिमेंट की प्रमुख कैप्टन डॉ लक्ष्मी सहगल की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से मजदूर नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा, संजय महतो, अर्जुन कुमार, राकेश महतो, बिराज दास इत्यादि उपस्थित थे।

### शटलकॉक प्रतियोगिता के प्रतिभागी को सम्मानित

**धनबाद।** 27 से 31 जुलाई तक हांगकांग में आयोजित होंने वाले शटलकॉक प्रतियोगिता के प्रतिभागी अनिल बांसफोर को मंगलवार को जिला तीरंदाजी संघ ने स्वागत किया। जिला तीरंदाजी के प्रतिनिधियों ने बताया कि बांसफोर, धनबाद के जाने माने पदक विजेता खिलाड़ी है। प्रतियोगिता में ये भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। 26 जुलाई को ये हांगकांग के लिए रवाना हो जायेंगे। इस प्रतियोगिता में पदक हासिल कर देश व राज्य का नाम रौशन करे, इसके लिए आज हमलोगों ने उनका हौसला बढ़ाने का काम किया है। मौके पर जिला तीरंदाजी के सिविल कोर्ट के वरीय अधिवक्ता जेएन सिंह, जुबेर आलम, अधिवक्ता दिलीप साहू, किशोर कुमार, शशि भूषण सिंह, चंचल चटर्जी, राजेश्वर सिंह यादव आदि उपस्थित थे।

# जीटी रोड पर गोविंदपुर में हादसे का अवैध क्रासिंग बंद

## डीसी के आदेश के बाद एक्शन में आया एनएचएआई,सुभाष चौक पर क्रासिंग शीघ्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोविंदपुर ।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने धनबाद-कोलकाता के बीच गोविंदपुर में जीटी रोड पर चर्चित मोहन पेट्रोल पंप के व पोस्ट ऑफिस के समीप हादसे के अवैध क्रासिंग को अंततः बंद कर दिया । नतीजा हुआ कि अब एक भाग से दूसरे भाग में जाने के लिये दो किमी की दूरी तय करनी पड़ रही है । गोविंदपुर उत्तरी भाग के लोगों को दक्षिणी भाग जाने के लिए अब करीब 2 किलोमीटर दूरी तय कर साहिबगंज चौक फकीरडीह जाना पड़ रहा है । वहां भी सुरक्षा भी कोई इंतजाम नहीं है। मोहन पेट्रोल पंप का क्रॉसिंग जीटी रोड की फोरलेनिंग के समय से ही करीब 25 वर्षों से खुला हुआ था ।हालांकि यहां लगातार हादसे होते रहे हैं तथा जनता इस जानलेवा अवैध क्रॉसिंग को बंद कर सुभाष चौक के वैध क्रॉसिंग को खोलने की मांग लंबे समय से कर रही है । इस संबंध में पुर्व सांसद पीएन सिंह ने भी प्राधिकरण के अधिकारियों एवं धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा था। प्राधिकरण के हाईवे इंजीनियर एलपी सिंह ने भी लोगों को कई बार आश्वासन दिया था कि गोविंदपुर के सभी अवैध कट को बंद कर सुभाष चौक के क्रॉसिंग को खोल दिया जाएगा, इससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है और जीटी रोड के दक्षिण हिस्से के दुकानदार और व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित हो रहा है



**सुभाष चौक को खोल दिया जाएगा: परियोजना निदेशक**

नागरिक समिति के अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने प्राधिकरण के दुगार्पुर के परियोजना निदेशक मनीष कुमार से बात की और गोविंदपुर वासियो की आवाजाही की सुविधा को ध्यान में रखकर सुभाष चौक के क्रॉसिंग को खोलने की मांग की। अग्रवाल ने कहा कि गोविंदपुर में सड़क पार करना दूभर हो गया है। निर्देशक ने कहा कि धनबाद उपायुक्त के कड़े निर्देश पर सुरक्षा दृष्टिकोण से मोहन पेट्रोल पंप के क्रॉसिंग को बंद कर दिया गया है। उपायुक्त ने इस संबंध में कई बार प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया था। हाईवे इंजीनियर एलपी सिंह ने कहा कि गोविंदपुर बाजार इलाके में सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया गया है।

# केंद्रीय बजट को किसी ने सराहा तो किसी ने नकारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आम बजट पेश किया गया है। इसमें देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। आम बजट पर विभिन्न वर्ग के लोगों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। किसी ने बजट की जमकर सराहना की है तो किसी ने इसे एक सिरे से नकार दिया है। सरकार समर्थक और विरोधी बंटे नजर आए। बजट का समर्थन करने वाले लोगों को कहना है कि इस बजट से देश आत्मनिर्भर हो सकेगा तथा आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा होगा। यह बजट पूरी तरह से संतुलित बजट है। जबकि बजट का विरोध करने वाले लोगों का



कहना है कि यह बजट देशहित में नहीं है बल्कि यह पूरी तरह से उद्योगपतियों एवं पूजींपतियों के हित में है।

**क्या कहते हैं लोग :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया आम बजट पूरी तरह से संतुलित है तथा इसकी जितनी सराहना की जाए वह कम है। इसमें हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है। इससे हमारा देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

**डॉ.नीरा यादव**

## राज्यों में चुनाव को देखते हुए बजट में की गई डेबोर संखी घोषणायें : प्रकाश



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बयान जारी कर कहा है कि वित्त मंत्री के द्वारा जो आम बजट पेश किया गया है वह केवल डाबोर संखी घोषणाएं हैं। लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के मिली शिकस्त के कारण बिहार सहित कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए बजट में डाबोर संखी घोषणाएं की गई है।

## देश के हर वर्ग को निराश करने वाला बजट है : सईद नसीम

मोदी सरकार द्वारा संतुलित बजट के बजाय आगामी कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए लोकलुभावन बजट के चयन को प्राथमिकता दिया ऐसे में देश के हर वर्ग को निराशा होना लाजमी है। बजट की अच्छी बात यह रही कि 50 से ज्यादा कांग्रेस के घोषणा पत्र से कॉपी की गई, जिन पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व चुनाव में प्रश्न खड़ा करते रहे थे, अब कांग्रेस के जनहित नीतियों को भाजपा अपना रही है। मुल्क में बेरोजगारी से लेकर महंगाई तक के मुद्दे हैं, पर बजट में इनको लेकर कुछ नही है। भाजपा ने पहले प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, 10 वर्ष बीतने के बाद नींद से जागी अब अगले 5 साल में 4.1 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया है। ऐसे में प्रश्न उठना लाजमी है, क्या यह एक और जुमला नहीं है?

## कोई खास प्रभाव छोड़ता नहीं दिखता बजट : नवनीत ओझा



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट कई उम्मीदों के बावजूद कोई खास प्रभाव छोड़ता नहीं दिखता और यह सिर्फ दिखावा मात्र बजट हैं। उक्त बाते झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि नवनीत ओझा (बंटी) ने कहा। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर सरकार ने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बड़े-बड़े घोषणाओं की लड़ी लगाई है, वहीं इन क्षेत्रों में ठोस सुधार की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

## एक नजर में

## जनता के हर सुख-दुख में खरा उतरने का करूंगा काम: कुलदीप

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** कुलदीप दास ने सिमरिया विधानसभा में चुनाव में आने की घोषणा के बाद क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए आवाज उठाने का वादा किया है। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार, अपराध और बेरोजगारी प्रमुख हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि उनका प्रतिनिधि मजबूत, इमानदार और उनकी बातों को सरकार तक पहुंचा कर उसका निदान कराने वाला होना चाहिए। जातिवाद को समाज का जहर बताते हुए नेतृत्व करने की क्षमता रखने वाला और आम जनता के लिए इमानदार प्रतिनिधि चुनने की आवश्यकता बताई गई। क्षेत्र में शिक्षा की हालत काफी खराब है, स्कूलों में शिक्षक और संसाधन का अभाव है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क की स्थिति अब भी बदत्तर है, आनाजाना एक समस्या बना हुआ



है। देहाती क्षेत्रों में जहां सड़क की समस्या से जूझ रहे जनता, वहीं योजनाओं में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जनप्रतिनिधि भी क्षेत्र भ्रमण कर लोगों से स्थानीय समस्याओं की जानकारी लेने में सदैव ही उदासीन रहते है। बेरोजगारी दूर कर पलायन पर रोक लगाने में विशेष पहल करने, कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और गांव में शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति को सुधारने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

# झारखण्ड के परिदृश्य में घोर निराशा जनक बजट : रामधन

मोदी सरकार की आम बजट झारखण्ड के परिदृश्य में घोर निराशा जनक बजट है। झारखण्ड की सवा तीन करोड़ जनता के साथ मोदी सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिए छलावा वाला बजट पेश किया है। उक्त बातें जिला परिषद अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कही। श्री यादव ने कहा झारखण्ड 44 प्रतिशत खनिज संपदा वाला प्रदेश है, लेकिन केंद्र सरकार ने बजट में झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया है। झारखण्ड के लिए बजट में कोई खास प्रावधान नहीं



किया गया, जिससे झारखण्ड वाणिज्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें। मोदी सरकार की इस बजट से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ साथ पंचायती व्यवस्था में कोई आमूल चूल परिवर्तन नही होने जा रही है। केंद्र सरकार ने आंध्रप्रदेश और बिहार के लिए चुनावी घोषणा की तरह कुछ घोषणाएं अवश्य की है, जो केंद्र सरकार की सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वाश नारे के उलट है। उन्होंने कहा कि बजट कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए बेहद निराशाजनक है और आयकर में पुरानी व्यवस्था में कोई राहत नहीं दी गई है।

## उम्मीद के अनुरूप टैक्स स्लैब में कोई खास बदलाव नहीं : अनिल कुमार

आम बजट में कुछ क्षेत्रों के लिए अच्छी घोषणाएं है। जैसे बेरोगजर युवाओं को स्किल से जोड़ने तथा उसे व्यवसायिक क्षेत्रों में इंटर्नशिप की योजना रोजगार को बढ़ावा देगा। वहीं कृषि बजट में बढ़ोतरी से आधुनिक कृषि उत्पादन को बल मिलेगा। ग्रामीण, शहरी व इंफ्रास्टक्चर के बजट को बढ़ाकर आधुनिक भारत की नीव रखी जा रही है। वित्तीय वर्ष के लिए नौकरियों के



घोषणा से छात्र-छात्राओं को नई ऊर्जा मिलेगी। वैसे उम्मीद के अनुरूप टैक्स स्लैब में कोई खास बदलाव नहीं किया गया। प्राथमिक व व्यवसायिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के लिए बजट बहुत अनुकूल नहीं कहा जा सकता है।

## जेएसएलपीएस से जुड़े उत्पादक समूह की बैठक



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत कटघरा गांव में जेएसएलपीएस से जुड़े उत्पादक समूह के सदस्यों की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस समूह के माध्यम से सदस्य खेती गृहस्ती करने के लिए 0% ब्याज दर पर कर्ज ले सकती हैं और फसल उगाने के बाद खरीद-बिक्री कर लिया हुआ कर्ज मूलधन वापस कर सकती हैं। उपस्थित सीसी सुनील पासवान ने सदस्यों से समय पर ऋण चुकाने का आग्रह किया ताकि उनका क्रेडिट बना रहे और ऋण लेने में आसानी हो। सदस्य सामूहिक रूप से मचान की खेती कर रहे हैं और अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। कटघरा के सदस्यों ने लगभग 10 एकड़ में मचान की खेती लगाई है और कर्मियों द्वारा उन्हें बेहतरीन तरीके से और जैविक तरीके से उपजाऊ बनाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में एलएचसीआरपी सुमन वर्मा, बीआरपी विजय रजक, सदस्य रेखा देवी, सरिता देवी, मालती देवी, गिरिजा देवी, रेखा देवी और दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं।

## मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन : शशिकांत



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के समाहरणालय संवर्ग के कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

समाहरणालय के समक्ष आयोजित धरना के दौरान संघ के जिलाध्यक्ष शशिकांत मणि ने कहा कि जब तक राज्य सरकार हमारी मांगों को पूरा नही करती है, तब तक हमलोग हड़ताल पर डटे रहेंगे। गौरतलब हो कि झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिले के समाहरणालय संवर्ग के अनुसचिवीय कर्मचारी अपने 9 सूत्री मांगों को लेकर बीते 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है, कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों में कामकाज ठप्प है।

## उपायुक्त ने की जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय व न्यास परिषद की बैठक

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के प्रबंधकीय एवं न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुआ। सर्वप्रथम उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि डीएमएफटी फंड से योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रबंधकीय एवं न्यास परिषद की बैठक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट और स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्र में विकास के लिए कार्य किये जायेंगे। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपकरण उपलब कराया जा रहा है। उपायुक्त ने डीएमएफटी फंड में प्राप्त राशि की जानकारी ली।

# पौधरोपण अभियान का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय जनता दल ने एक अनोखे अभियान की शुरुआत की है। राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के निर्देश पर जिले में वृक्ष लगाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान की शुरुआत राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव व राजद नेता अवधेश प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से विशुनपुर रोड स्थित किशोरी यादव के आवास परिसर में आम का वृक्ष लगाकर की। वहीं राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव व अवधेश प्रसाद यादव ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय और सामाजिक सौहार्द के नारे को मजबूत करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने गरीब, गुरबों, पिछडो और अकलियतों के हक और हिस्सेदारी के आंदोलन के मजबूत होने के प्रमाण के तौर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम तय किया गया है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय नारे के कारण ही दलित पिछड़े और अकलियत समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जब लोग फलदार वृक्ष को फलता फूलता देखगें, तो सहज ही उन्हें सामाजिक न्याय और साम्प्रदायिक सौहार्द के आंदोलन को लालू प्रसाद यादव ने सींचा था, वो आंदोलन के उपजे लोग मान-सम्मान के साथ फल फूल रहे है और जीवनयापन कर रहें है। उन्होंने अपील किया कि साम्प्रदायिक शक्तियों के खिलाफ लड़ने वाले लोग आने वाले पीढ़ी के लिए सामाजिक न्याय और सामाजिक सौहार्द के लिए एक पेड़ अवश्य लगाएं। वहीं राजद नेताओं ने बताया कि राजद कार्यालय सह राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवास परिसर में हजारो फलदार वृक्ष का वितरण किया जा रहा है। वहीं राजद का सामाजिक न्याय, सामाजिक सौहार्द की जड़े को सशक्त बनाये रखने के लिए गांव गांव में वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाएगा।

## गुरु गोष्ठी का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के सलगा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अभिभावक संघ शिक्षक ने मंगलवार को गुरु गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों अभिभावक उपस्थित हुए।शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों के उज्जवल भविष्य और शिक्षा से संबंधित जानकारी जुटाई। दिल्ली से आईं चार मैडम ने भी अभिभावकों से बच्चों के भविष्य के बारे में पूछताछ की और उनकी जीवनी की जानकारी जुटाई। इस अवसर पर सहायक शिक्षक पंकज कुमार राणा, विवेकानंद तिवारी और दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे। अभिभावकों ने बच्चों की शिक्षा और भविष्य को लेकर कई सवाल किए, जिनका शिक्षकों ने जवाब दिया।

## हज़रत ख्वाज़ा सय्यद एहतेशामउद्दीन फरीदी चिस्ती कादरी रहव अलय का 16वां उर्स मुबारक का आगज़

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** माइका नेट एहतेशाम नगर गुमो के सरजमीन पर 22 एवं 23 तारीख को फ़क़ीहे मिल्लत मखदुमे झारखण्ड हज़रत ख्वाज़ा सय्यद एहतेशाम उद्दीन फरीदी चिस्ती कादरी रहव अलय का 16वां उर्स मुबारक अनवारुल हक की सदारत में सम्पन हुआ। यह हर वर्ष मुहर्रम के 15-16 तारीख को मनाया जाता है। इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे कुरान खानी, 11 गुसाल संदल वां कुल 5



शाम परचम कुसाई, 9 रात्रि लंगर एवं 10 बजे अल फरीदी कॉन्फ्रेंस, दस्तारबन्द अगले दिन की शुरुआत सुबह 10-11 बजे चादर गस्ती, कुल व चादरपोशी का होता है। 7 बजे शाम गागर एवं 9:30 से समाये महफिल शुरू होता है, जो देर रात तक चलता है। आखरी दिन पूरे समय के लिए लंगर का इंतज़ाम किया जाता है।

## क्षेत्रीय उप निदेशक वित्तीय घोटाला की जांच को लेकर पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में वित्तीय अनियमितता व घोटाला की जांच को लेकर मंगलवार को क्षेत्रीय उपनिदेशक हजारीबाग डॉ. सिद्धार्थ शन्याल सीएचसी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लगभग 4 घंटे तक गहन जांच किया। इस मामले को लेकर बीते सोमवार को भी जिला प्रशासन के द्वारा जांच किया गया था। वहीं उन्होंने कहा कि एक साल का है या विगत तीन साल का है, ये देखना होगा।

## प्रथम पीरियोडिक टेस्ट का परीक्षा परिणाम घोषित



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच स्थित जीएस.पब्लिक स्कूल में मंगलवार को सत्र 2024-25 के पीरियोडिक टेस्ट का परीक्षा परिणाम वर्ग नर्सरी से दशम तक घोषित किया गया। जिसमे विद्यालय के शत प्रतिशत बच्चों ने बेहतर अंक लाकर खुश नजर आए, बतादें की यह परीक्षा सत्र शुरू के होने के दो महीने बाद आयोजित की जाती है, जिसमे बच्चों का परफॉर्मेंस मॉनिटर किया जाता है।

वहीं विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 25 को पूरे जिले में चलेगा नामजंचो अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** 25 जुलाई को पूरे जिले में नामजंचो अभियान चलाया जाएगा। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप या वेबसाइट के माध्यम से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर सकते हैं। यह अभियान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया पर चलाया जाएगा। मतदाता अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदाता सूची में अपने नाम का जांच कर लें।मतदाता वेबसाइट या वोटर सर्विस पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी अपना नाम जांच सकते हैं। 25 जुलाई को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर प्रारूप प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति एवं प्रपत्र छह, सात व आठ के साथ बीएलओ उपस्थित रहेंगे।

## जनता दरबार का आयोजन

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमे दूरदराज से आये ग्रामीणों ने बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उपायुक्त से उचित कार्रवाई की मांग की।

## जेएनवी के छात्र छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय भारत् सरकार के तत्वावधान में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर बर्णवाल की अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शामिल स्कूल के 10, 11 और 12वीं के छात्र छात्राओं को मिट्टी का सैम्पल लेने से सम्बंाित प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी श्री बर्णवाल ने छात्रों को साइल फर्टिलिटी, मिट्टी के प्रकार आदि पर विस्तृत जानकारी दिया।

## जून तक खनन विभाग ने 166 करोड़ 38 लाख 72 हजार रुपये वसूले: मनोज

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** चतरा जिला खनन कार्यालय ने जून 2023 तक विभिन्न खनिजों से 166 करोड़ 38 लाख 72 हजार रुपये का राजस्व संग्रह किया है। वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए कुल वार्षिक लक्ष्य 114158 लाख रुपये था, जिसमें से 70866.24 लाख रुपये की वसूली की गई थी। वित्तीय वर्ष 2024-2025 के वार्षिक लक्ष्य 96378.00 लाख रुपये के विरुद्ध जून माह तक 16638.72 रुपये की वसूली की गई है। कोयले से 13513.62 लाख, धोबित कोयले से 2152.63 लाख, पत्थर से 627.89 लाख, इंट से 1.08 लाख, बालू से 2.13 लाख, कार्य विभाग से 151.66 लाख, जुमार्ना राशि से 24.61 लाख, अन्य से 45.15 लाख और प्रबंधन शुल्क राशि 119.95 रुपये का संग्रह किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 लक्ष्य के विरुद्ध तीन माह में 17.26 प्रतिशत राजस्व संग्रह किया गया है।

## समाहरणालय संवर्ग कर्मियों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

**कोडरमा।** समाहरणालय संवर्ग के कर्मियों के द्वारा अपने विभिन्न मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। पद सृजित नहीं होने के कारण कर्मियों पर कार्य का अत्यधिक कार्य दबाव के कारण उन्हें अवसाद का भी शिकार होना पड़ता है। विभिन कारणों से त्रस्त अपनी मांगों का मांग पत्र मंगलवार को कार्यरत कर्मीयों ने विधायक आवास कार्यालय में डॉ. नीरा यादव को सौंपा।

## जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक-सह-कार्यशाला का आयोजन

# युवा पीढ़ियों को तंबाकू के दुष्परिणाम के प्रति जागरूक करना अति आवश्यक: उप विकास आयुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति पर चर्चा हुई और उप विकास आयुक्त ने पूर्व बैठक के निदेशों के शत-प्रतिशत अनुपालन पर जोर दिया। डॉक्टर आशुतोष ने बताया कि पिछले माह नगर परिषद क्षेत्र में विद्यालयों के 100 गज के अंदर आने वाले प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया गया और 3600 रुपये जुमार्ना वसूला गया। विद्यालयों को तंबाकू मुक्त करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। राज्य सलाहकार




राजीव सिंह ने कोटपा 2003 के विभिन्न धाराओं के अनुपालन और चालान के लिए प्राधिकृत पदाधिकारी एवं दायित्वों के बारे में जानकारी दी। डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार ने सभी थाना प्रभारियों को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया और युवा पीढ़ी को तंबाकू की लत से मुक्त करने पर जोर दिया। बैठक में राज्य तम्बाकू नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अश्विन कुमार, डीआरसीएचओ डॉ एलआर पाठक, जिला सलाहकार रश्मि दुबे, राज्य कार्यक्रम सहायक धीरज कुमार और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री राज्य वृद्धवस्था पेंशन योजना के तहत स्वीकृति पत्र का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के खूंटा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के माध्यम से पात्रता रखने वाले लाभुकों के बीच स्थानीय मुखिया फुलवा देवी द्वारा स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। जिसमें पिछड़े वर्ग के 70 तथा अनुसूचित जाति के 12 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। वहीं दूसरी ओर



माधोपुर पंचायत सचिवालय में भी लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। मौके पर पंचायत सचिव किशुन यादव, उप मुखिया-तारा देवी, वार्ड सदस्य राजकिशोर प्रसाद, रीता देवी, पिंकी देवी, पुतुल देवी, गीता देवी, तालेश्वर मिस्त्री, रमरती देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**स्पीड न्यूज**

## दूसरे दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहे मनरेगाकर्मी



गुमला। अपनी मांगों को लेकर मनरेगा कर्मियों ने मंगलवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल के दूसरे दिन भी कचहरी परिसर में धरना दिया। धरना में जिले के सभी प्रखंडों से मनरेगा कर्मी शामिल हुए। ज्ञात हो कि 18 जुलाई से 20 जुलाई तक अपनी मांगों को लेकर मनरेगा कर्मियों ने तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल किया था। लेकिन सरकार ने इस दौरान उनकी मांगे पूरी नहीं की। जिसके बाद वे अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गये। धरना का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष शिवदेव लोहारा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनाव से अपने पार्टी के घोषणा पत्र में मनरेगा कर्मियों को स्थायीकरण करने की बात कही थी। लेकिन सरकार के कार्यकाल के साढ़े चार वर्ष पूरे होने पर भी वादा पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा कोषांग रांची के कर्मियों को ग्रेड पे और क्षेत्रीय कर्मियों और पदाधिकारियों को अल्प मानदेय और बिना सामाजिक सुरक्षा के काम लेना शोषण की पराकाष्ठा है। आगामी विधानसभा सत्र में सभी मनरेगा कर्मी विरोध प्रदर्शन करेंगे। धरना में बीपीओ संदीप उरांव, मुरत यादव, जस्मीन केरकेट्टा, वेवी कुमारी, अजय लकड़ा, हरीश कुमार, कांति कुमारी, रंजीत, राजीबेलस, लेखा सहायक सोफिया फिरदौस, प्रवीण आशिस मिंज, तरुण साव  कपिलदेव रोजगार सेवक कार्तिक लोहारा, सतीस, अबसेलेम समीर, जितु छोटेलाल, रामेश्वरी, स्नेहा, सुष्मिता नंदा, परमानंद, विजय, निलम, सहदेव महतो, लालचंद  तपन कुमार, महतो, विवेक  महतो, ईश्वर साव, कुशल किशोर, इकराम  कृष्णा आदि उपस्थित थे।

## पुल में गिरी बाईक, एक की मौत



रायडीह। रायडीह थाना क्षेत्र के छतरपुर से खक्सीटोली जाने वाले सड़क के बरहा सोकरी पुल में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग अनियंत्रित होकर पुल के निचे गिर गये। इस घटना में बरगीडांड़ निवासी क्यूम खान के 29 वर्षीय पुत्र कमाल खान की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं बरगीडांड़ निवासी सुल्तान अली उर्फ टीपू घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कमाल खान व सुल्तान अली कुछ काम से मोटरसाइकिल में सवार होकर शाम करीब 7 बजे खक्सीटोली गये थे। जहां से रात को घर वापस आ रहा थे। मोटरसाइकिल सुल्तान अली चला रहा था। इसी दौरान बरहा सोकरी पुल के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और पुल से टकराते हुए पुल के नीचे जा गिरा। जिसमें मोटर साइकिल में सवार कमाल खान की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं सुल्तान अली बुरी तरह घायल हो गया। वहीं मृतक के परिजनों का कहना था की यह दुर्घटना नहीं है मेरे बेटे की हत्या की गयी है। पुलिस इसकी अच्छी तरह जांच करें। इस बात को लेकर घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। समझाने बुझाने के बाद परिजन माने व लिखित आवेदन दिया।

## सड़क सुरक्षा टीम व ग्राम सेवा पथ ट्रस्ट ने चलाया जागरूकता अभियान



गुमला। जिला परिवहन विभाग गुमला और ग्राम सेवा पथ ट्रस्ट गम्हरिया के संयुक्त तत्वाधान मे सड़क सुरक्षा की जानकारी को लेकर मंगलवार को प्रखंड के कई विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नवडीहा, घाघरा प्लस टू,एस एस उच्च विद्यालय, राजकीय उच्च विद्यालय हापामुनी में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गयी। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच शपथ दिलाया गया। वहीं विद्यार्थियों को बताया गया कि मोटरवाहन जनित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने के उद्देश्य से अस्पताल पहुचाने में वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहित कर 2,000 नगद के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू है। किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना घटित होने पर दो लाख एवं गंभीर रूप से घायल होने पर पचास हजार का प्रावधान है। मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, पंकज, उत्तम शिक्षक और छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## बिरसा ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी गुमला द्वारा बेल्ट शिरोमणि कार्यक्रम का आयोजन



गुमला। जिला मुख्यालय स्थित महेश्वरी टावर में मंगलवार को बिरसा ताइक्वांडो एकेडमी के द्वारा बेल्ट शिरोमणि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्टार डीपीएस स्कूल के संयोजक संदीप प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि एस एस प्लस टू के प्राचार्य कृष्ण कुमार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष अखिल कुमार ने कार्यक्रम की  भूमिका रखी। कार्यक्रम में अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवम बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डॉक्टर कृष्ण कुमार ने कहा कि आज के जेनरेशन के बच्चे जो फिजिकल से दूर रहते हैं उनके मानसिक शारीरिक एवं आध्यात्मिक सुदृढ़ता के लिए इस प्रकार का प्रशिक्षण निहायत आवश्यक है। सभी स्कूल कॉलेज के बच्चे बच्चियों से आग्रह कि इस तरह का प्रशिक्षण लें और लोगों को इस ओर आकर्षित करें। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को बेल्ट एवं सर्टिफिकेट से नवाजा गया। कार्यक्रम का समापन की घोषणा उपाध्यक्ष अर्पिता भट्टाचार्य एवं प्रशिक्षक बालमुनि ने की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावक एवं शहर के कई लोग उपस्थित थे।

# बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने कहा लोकलुभावन

**बजट पर सत्ता पक्ष व विपक्ष के लोगों ने दी अपनी प्रतिक्रिया**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यालय में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में सातवीं बार आम बजट प्रस्तुत किया। आम बजट में किसान, गरीब, युवा, महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया। वहीं विभिन्न माध्यमों से रोजगार सृजन का उल्लेख किया गया। गरीबों को आवास उपलब्ध कराने का प्रावधान भी बजट में किया गया। वहीं विपक्षी दलों ने आम बजट को आम जनता के लिए धोखा करार दिया है। बजट में महंगाई पर रोक को लेकर किसी तरह का विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। विपक्ष ने कहा कि मोदी सरकार बजट के माध्यम से अपने सरकार को बचाने का काम किया है। इस संबंध में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत आम बजट देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। बजट से जहां किसानों को लाभ मिलेगा वहीं छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए सरकार ऋण मुहैया कराएगी। पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि बजट में सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का कार्य किया है। वहीं किसानों को उनके फसलों में अधिक एमएसपी भी सरकार देगी। वहीं दस लाख युवाओं को ईपीएफओ के माध्यम से रोजगार प्रदान करने का बजट में प्रावधान किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु ने कहा कि प्रस्तुत बजट देश के विकास में अहम कड़ी साबित होगी। देश की आर्थिक उन्नति में बजट का महत्वपूर्ण योगदान होगा। बजट में किसान, गरीब व महिलाओं के उत्थान के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष शैल मिश्रा ने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। बजट महिला उत्थान के दिशा में कारगर साबित होगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत आम बजट में आम जनों का ख्याल नहीं रखा गया। क्योंकि बजट में महंगाई कम करने को लेकर किसी तरह का प्रावधान नहीं है। देश की जनता महंगाई से कराह रही है। बजट से देश में गरीबी बढ़ेगी। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शिवकुमार भगत ने कहा कि बजट मोदी सरकार को टिकाउ बनाने के लिए प्रस्तुत किया गया है। बजट पूरी तरह लोकलुभावन है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने कहा कि बजट आम जनता के साथ धोखा है। बजट में व्यापारियों को टैक्स में कोई विशेष छूट नहीं दी गयी। चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि आम बजट में गुमला की जनता की उम्मीदें टूट गयी। गुमला के लोग वर्षों से रेलवे लाइन व बाक्साईट कारखाना लगाने की मांग कर रहे थे। लेकिन बजट में इन दोनों चीजों का प्रावधान नहीं किया गया।

## सरना धर्म के लोगों का धार्मिक पहचान मिटाना चाहती है भाजपा : आलोक साहू

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार साहू ने भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह के द्वारा लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत के द्वारा जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को संसद में उठाने के मामले में जो प्रतिक्रिया पर कहा है की इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा सरना धर्म के विरोधी हैं। 2011 के जनगणना कॉलम में एक अन्य कॉलम था उस समय लगभग 56 लाख सरना धर्म के मानने वाले लोगों ने अन्य कॉलम के माध्यम से अपनी धार्मिक पहचान को अंकित कराया था। इस बार की जनगणना कॉलम में केंद्र की भाजपा सरकार ने अन्य कॉलम को बंद कर दिया है जिसके तहत अब देश की जनता छह धर्म हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध एवं जैन के नाम से जाने जाएंगे। साहू ने कहा कि भाजपा सरना धर्म के लोगों को उसकी धार्मिक पहचान एवं अस्तित्व मिटाना चाहती है इसलिए जनगणना कॉलम में शामिल अन्य कॉलम को हटा दिया गया है। एक और सरकार बाघ, शेरो एवं अन्य पशुओं की गिनती करती है लेकिन भाजपा जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड़ को लागू नहीं कर सरना धर्म के लोगों को पशुओं से भी बदतर समझती है। सरना धर्म के लोग प्रकृति पुजारी हैं। भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहती है। सरना धर्म के लोग आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका मुंहतोड़ जवाब भाजपा को देगी।

# 15 वें वित्त आयोग के पांच योजनाओं में बिना कार्य किये ही राशि की हुई भुगतान

**लूट का चारागाह बना गुमला..**

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला लूट का चारागह बनकर रह गयी है। योजनाओं में बिना काम किये ही राशि की निकासी कर लेना इस जिले की बदनसीबी बनती जा रही है। वहीं योजनाओं में कमीशन का खेल तो भ्रष्टाचार की बानगी की हद ही पर कर दी है। जिसमें कर्मचारी से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका हमेशा संदेह के घेरे में रहा है और जिला प्रशासन कार्रवाई के नाम पर ढोल ही बजाते रही है। ऐसा ही मामला सिसई प्रखंड के लकाया पंचयात की है। लाकया पंचायत में 15 वें बित्त आयोग से पांच  वित्तीय वर्ष 2022-23 में बिना ग्रामसभा किये फर्जी दस्तावेज डालकर पांच योजनाओं का रेकड़ खोला गया था। लकया गांव में पहला योजना करमु माहली के घर से बड़ा अखरा तक वा दूसरी योजना हीरा उरांव के घर से मुनेश्वर उरांव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण की थी। जिसका रेकड सात माह पूर्व ही खोला गया था। जिसका कार्य आज तक शुरू भी नही हुआ और इन दोनों योजना का राशि बहुत पहले ही 14 दिसंबर 2023 को दो किस्त में एक लाख पैसठ हजार और दूसरी योजना का भी राशि 14 दिसंबर 2023 को और 18 दिसंबर 2024 दो किस्त में एक लाख पैंसठ हजार रूपया का निकासी कर ली गई और दोनों योजनाओं का कार्य धरातल पर हुआ ही नहीं है। वहीं वर्ष 2023-24 का तीसरी व चौथी योजना सनाउल्लाह अंसारी के घर से हाजी रिजवान अंसारी के घर तक नाली निर्माण व नाली मरम्मती किया जाना था। दोनों योजना की राशि 27 जून 2024 को ही 75,000-75,000 रूपया निकासी कर ली गई। लेकिन दोनों योजना में भी काम चालू नहीं कराया गया। जबकि पांचवा योजना थाना रोड में संतोष साहू के घर से गणेश राम के घर तक नाली मरम्मती किया जाना था। जिसकी राशि कुल एक लाख पचास हजार रूपया निकासी कर ली गई। जबकि नाली का मरम्मती हुआ ही नहीं। इस तरह से योजना के नाम पर पंचायत के मुखिया और सरकारी कर्मी राशि का घोटाला करने में जुटे हुए थे। योजना में राशि की हेरा फेरी के लिए एक ही डेट में दो दो बार राशि लाभुक के खाते में ब्लॉक से डाला गया है।

### पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव व जेई से मांगी गयी है स्पष्टीकरण : बीडीओ



इस संबंध में बीडीओ रमेश कुमार यादव से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उन्हें मौखिक रूप से जानकारी मिली है कि बिना कार्य के ही योजना की राशि निकासी हुई है। जिसको लेकर संबंधित मुखिया, पंचायत सचिव व जेई से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। साथ ही योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी भी उनसे मांगी गयी है। वहीं योजना के कार्य की जांच कराया जाएगा। जांच में गडबड़ी पाये जाने पर दोषियों के खिलाफ खख्त कार्रवाई की जाएगी।

## लोहरदगा में लूट की योजना बनाते तीन अपराधी गिरफ्तार

खबर मंत्र संवाददाता



जानकारी देते हुए लोहरदगा एसपी

लोहरदगा। लोहरदगा जिला के किस्को थाना पुलिस ने अपराध की योजना बनाते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान किस्को थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी मसरूफ अंसारी के पुत्र सद्दाम हुसैन, नारी गांव निवासी सुलेमान अंसारी के पुत्र शकील अंसारी और मोबिन अंसारी के पुत्र सलमान अंसारी के रूप में हुई है। इन तीनों की तलाशी लेने पर उनके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक भरदुआं बंदूक बरामद किया गया है। सद्दाम हुसैन, सकील अंसारी कई मामले में जेल जा चुका है। गिरफ्तार अपराधियों के बारे में हारिस बिन जमां ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि किस्को थाना क्षेत्र के धुर्वा मोड़ के समीप स्थित कालोनी में एक खंडहर हॉल में कुछ अपराधी हथियार के साथ डकैती की योजना बना रहे हैं। इसके बाद उन्होंने एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया था  जब वहां पर छापेमारी की गई तो तीन लोगों को पकड़ा गया। उनकी तलाशी लेने पर हथियार बरामद किया गया।

## सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से रिजवान का शव सऊदी अरब से पहुंचा उनका घर चरिमा

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखंड के ग्राम चरिमा के रहने वाले रिजवान अंसारी 2 वर्ष पहले सऊदी अरब केबल मशीन का काम करने गया था जहां विगत 7 जुलाई को सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। रिजवान अंसारी के परिजन उनके शव को सऊदी अरब से लाने के लिए काफी परेशान थे फिर उनके परिजन  सांसद सुखदेव भगत से मिलकर सऊदी अरब से शव लाने में सहयोग करने का आग्रह किए थे। उस समय सांसद ने परिजनों को आश्वासन दिया दिए थे कि आप धैर्य रखिए शव को लाने के लिए  प्रयास करेंगे।सांसद  सुखदेव  भगत  त्वरित  कार्रवाई करते हुए झारखंड के मुख्य सचिव से वार्ताकर रिजवान अंसारी का शव को सऊदी अरब से लाने में सहयोग करने का आग्रह किए थे। मुख्य सचिव के पास मामला संज्ञान में आने के साथ ही झारखंड सरकार ने सऊदी अरब से शव लाने के लिए सार्थक प्रयास किया। रिजवान अंसारी का शव उनका घर चरिमा पहुंच गया है जिनका आज सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।  सांसद सुखदेव भगत ने अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किये है।

## लोहरदगा-रांची के बीच रेलवे जमीन में अतिक्रमण हटवाने को लेकर पूर्व विधान पार्षद ने लिखा पत्र



लोहरदगा। लोहरदगा से रांची रेल लाइन में रेलवे जमीन का भारी संख्या में हो रहे अतिक्रमण पर पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह ने रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्र। पत्र को डिजिटल माध्यम से विभाग एवं रेलवे को भेजा गया। पत्र में  लिखा है कि कि झारखंड राज्य के अंतर्गत लोहरदगा से रांची रेल परिचालन लाइन बहुत पुरानी है। इस रेल लाइन के माध्यम से कई जिलों का यात्रा आसानी से किया जाता है। विशेष लोहरदगा जिला झारखंड राजधानी के समीप होने के कारण भारी संख्या में यात्री प्रतिदिन लोहरदगा से रांची यात्रा करते हैं और उनके बीच में स्थित स्टेशनों पर यात्रियों का उतार चढ़ाव है। विशेष कर लोहरदगा रांची से चलने वाली पैसेंजर मेमू ट्रेन लोहरदगा जिले के लिए लाइफ लाइन बन गया है। व्यवसायिक क्षेत्रों की दृष्टि से लाभान्वित होते हैं रोजगार के अवसर भी प्रदान करता है। परंतु वर्तमान कुछ वर्षों में ऐसा देखा जा रहा है कि लोहरदगा से रांची के बीच रेल की जमीनों का भारी संख्या में अतिक्रमण हो रहा है। और यह अतिक्रमण वैसे लोगों के द्वारा हो रहा है जो समाज को नुकसान करते हैं। और ऐसे लोग रेल यात्री के लिए परेशानी, रेल उपकरण की चोरी, एवं रेलवे संबंधित कार्यों के लिए भी बाधक बनते हैं। यदि इस विषय को गंभीरता पूर्वक विभागीय कार्रवाई करते हुए अवैध अतिकर्मन को मुक्त नहीं किया जाता है। तो बहुत जल्द इस क्षेत्र की रेल यात्रियों एवं रेल विभाग के लिए परेशानियों का सबब बनेगा। इसलिए  विषय के गंभीरता को समझते हुए उचित कार्रवाई कर अभिलंब रेल जमीनों पर हुए अतिक्रमण को मुक्त कराने का आग्रह किया।

## गुमला उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के दूर दराज से लगभग 30 से अधिक नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर उनके समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। जिसमें गुमला निवासी बसंत साहू ने आवेदन समर्पित करते हुए बताया कि उन्होंने वर्ष 2020 में ही पीएम किसान योजना के तहत अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था। परंतु अभी तक उन्हें उक्त योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसपर उपायुक्त से सहायता की मांग की। उपायुक्त ने जांच हेतु संबंधित अधिकारी को पत्र अग्रसारित किया। गुमला के कुलाबीरा ग्राम निवासी बसंत साहू ने उपायुक्त से मुलाकात की एवं उन्होंने बताया कि राशन कार्ड से उनका नाम हटा दिया गया है। उन्होंने कहा की वे पिछले कई वर्षो से राशन कार्ड से अपना राशन लेते रहें हैं। परंतु अचानक उनका नाम कार्ड से हटाने का कारण वे नहीं जान पा रहे हैं। उन्होंने उपायुक्त से पुनः नाम राशन कार्ड में जोड़ने हेतु आवेदन समर्पित किया। चैनपुर निवासी अनोखी तिग्गा ने उपायुक्त से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वे कस्तूरबगांधी विद्यालय में उनका नामांकन के लिए फॉर्म भरी थी। परंतु नामांकन सूची में उनका नाम नहीं आया। उन्होंने बताया कि वे बेहद ही गरीब परिवार से हैं। जिसपर उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को हल निकालने हेतु उन्हें निर्देश दिया गया। चैनपुर निवासी दुर्गा उरांव ने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बोलेरो कार के लिए 10 लाख रुपए की लोन प्राप्त हुई है। परंतु सड़क हादसे से उनके पैर में फ्रेक्कर हो जाने के कारण वे बोलेरो चलाने में असमर्थ है।

## परमवीर अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति ने किसानों के बीच किया मक्का बीज का वितरण

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय में परमवीर अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति के द्वारा चैनपुर क्षेत्र के किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। मौके पर गौरव रक्षा समिति के मनसाय बड़ाईक ने कहा कि किसान सही समय पर मक्का बीज लगाकर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। वैज्ञानिक विधि से खेती करने  से मक्के की पैदावार अच्छी होती है। पूरे अनुमंडल क्षेत्र में मक्के की पैदावार अधिक से अधिक हो जिसके लिए अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति के द्वारा सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में उन्नत किस्म के मक्के के बीज का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। जिससे किसान अच्छी पैदावार कर उचित मुनाफा कमा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से रविन्द्र नाथ सहदेव, कामेश्वर सायं, सुखराम महतो,अनील केशरी सहित विभिन्न क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

## अपर समाहर्ता ने किया अंचल कार्यालय का निरीक्षण



कुडू, लोहरदगा। लोहरदगा अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा ने कुडू अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई अभिलेखों का अवलोकन किया। अपर समाहर्ता ने जमीन से संबंधित दाखिल खारिज, जमाबंदी सहित अन्य अभिलेखों की जांच की। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारी सहित अन्य कर्मियों को लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर राजस्व अधिकारी, सीआइ, कर्मचारी आदि कर्मी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने आनलाइन सेवाओं का निष्पादन, दाखिल खारिज, भू-लगान, जमाबंदी, एलपीसी, आरटीपीएस, परिमार्जन आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कर्मियों से पूछताछ की। इस दौरान दाखिल खारिज, परिमार्जन, भू बंदोबस्ती, दखलदहानी, लोक शिकायत अतिक्रमण, जलजीवन हरियाली अतिक्रमण, आरटीपीसीआर समेत आदि योजनाओं की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## वज्रपात से सास की मौत, बहु घायल

लोहरदगा। किस्को प्रखंड के हिसरी गांव में मंगलवार को वज्रपात के चपेट में आने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। वही दो महिला गंभीर रूप से घायल है। जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मृतक महिला की पहचान 50 वर्षीय सोमारी उरांव पति स्व जतरू भगत के रूप में हुई है। वही गंभीर रूप से घायल में सुकर्मनी उरांव पति किशोर उरांव और राधामणि उरांव पति संजय उरांव शामिल है। बताया जाता है की सास सोमारी उरांव के साथ उनकी दोनो बहु धान रोपनी कर रहे थे इसी दौरान दोपहर दो बजे के करीब अचानक हुए वज्रपात के चपेट में आकर तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## डीसी की अध्यक्षता में हुई जिला पर्यटन संवर्धन समिति के कार्यकारिणी निकाय की बैठक

खबर मंत्र संवाददाता





**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पर्यटन संवर्धन समिति के कार्यकारिणी निकाय की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई व आवश्यक निर्देश दिये गये। अधिसूचित पर्यटन स्थलों पर सफाईकर्मियों/सुरक्षाकर्मियों के लिए रिक्तियों एक सप्ताह के अंदर आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। पर्यटन स्थलों पर आई लव लोहरदगा व अन्य साइनेज से संबंधित सूचना पट्ट के लिए प्राक्कलन तैयार कर कार्य किये जाने का निर्देश दिया गया। कुडू प्रखण्ड के टिको पर्यटन स्थल में रूनिया-झुनिया शहादत स्थल और कैरो प्रखण्ड के बौद्ध मठ को अधिसूचित कराने के लिए निर्देश दिया गया। सदर प्रखण्ड लोहरदगा में तैराकी खेलों को प्रोत्साहित किये जाने के लिए स्वीमिंग पुल निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कराने हेतु निदेश दिया गया। पर्यटन स्थलों की जानकारी हेतु साइनेज लगाये जाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार पर्यटन स्थल धरधरिया में नक्सल घटना में शहीद हुए जवानों की स्मृति में शहीद स्मारक लगाये जाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, नामित सदस्य निशीथ जायसवाल और सैयद खालिद शाह उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 33 हिंदू धर्मावलियों को रांची के लिए किया गया रवाना

**तीर्थदर्शन के लिए लाभुक जायेंगे द्वारिका और सोमनाथ मंदिर**

खबर मंत्र संवाददाता



तीर्थयात्रियों को रवाना करने के दौरान उनके साथ डीसी व डीडीसी।

**गुमला।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2024 के तहत वरिष्ठ नागरिकों हेतु निः शुल्क तीर्थ यात्रा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग गुमला द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित 33 हिंदू धर्मावलियों को रांची हटिया रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के तीर्थयात्रियों के बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त ने सभी तीर्थयात्रियों से परिचय प्राप्त किया एवं उनके  7 दिवसीय इस तीर्थ यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने जानकारी दी कि राज्य सरकार के मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2024 के तहत झारखंड राज्य से हिंदू धर्मावलियों को तीर्थयात्रा के लिए द्वारिका और सोमनाथ (गुजरात) भेजा जा रहा है जिसके तहत गुमला जिले से 33 हिंदू धर्मावली इस तीर्थयात्रा में शामिल हो रहें है। गुमला से सभी तीर्थयात्रियों को सर्वप्रथम रांची हटिया रेलवे स्टेशन बस के माध्यम से ले जाया जाएगा, जहां से माननीय मुख्यमंत्री  एवं माननीय मंत्री, पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग द्वारा झारखंड के विभिन्न जिलों से आए तीर्थयात्रियों को  स्पेशल ट्रेन से गुजरात के लिए रवाना किया जाएगा। इस पूरे यात्रा में लगभग 7 दिनों का समय लगेगा एवं सभी तीर्थयात्री 29 जुलाई को वापस गुमला आयेंगे। उन्होंने  जानकारी दी कि इस पूरे तीर्थयात्रा के लिए राज्य सरकार के द्वारा यात्रियों को निः शुल्क ले जाया जा रहा है। इसके बाद 4 अगस्त को मुस्लिम धर्मावलियो को  तीर्थ यात्रियों को अजमेर शरीफ भेजा जाएगा।





## आम बजट पर लोगों की प्रतिक्रिया

### सत्ता पक्ष ने सराहा व विपक्ष ने बताया लोकलुभावन

**मेदिनीनगर।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश किया। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा है। वहीं विपक्ष ने इसे लोकलुभावन करार दिया है।

### देश की जनता के लिए हितकर है यह आम बजट : सांसद बीडी राम



**पलामू** सांसद बिष्णुदयाल राम उर्फ बीडी राम ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को देश की जनता के लिए हितकारी बताया है। सांसद श्री राम ने कहा कि बजट में गरीब, किसान, युवाओं व मध्यम वर्गीय परिवार को विशेष प्राथमिकता दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

### विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बजट : आनंद शंकर



पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने बजट पर कहा कि यह बजट युवाओं के विकास, स्टार्टअप इंडिया, किसानों का बेरोजगारी दूर करने वाला है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल का इस बजट से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

### बजट में सभी वर्गों का रखा गया है ख्याल : डॉ मेहता



पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने बजट पर कहा कि बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा।

### महिला व आम सशक्तिकरण का है बजट : अरुणा शंकर



नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बजट पर कहा कि यह विकसित भारत का बजट है। यह बजट आम लोगों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।

### बजट से देश की अर्थव्यवस्था होगी मजबूत : घूरन राम



पूर्व सांसद सह भाजपा नेता घूरन राम ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। बजट में आम लोगों का ध्यान रखा गया है। बजट से किसान, युवाओं को लाभ मिलेगा। बजट में रोजगार सृजन पर भी फोकस किया

### कृषि क्षेत्र में बढ़ोत्तरी वाला है बजट : ज्योतिरीश्वर सिंह



भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने कहा कि कृषि क्षेत्र में बढ़ोत्तरीवाला बजट है। इस से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगी।

### विकसित भारत के भविष्य निर्माण का है बजट : अमित



भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला, किसान सभी के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।

### विधायक कमलेश सिंह ने किया आम बजट का स्वागत



आम बजट 2024 पर एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पीएम भाई मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री का बजट स्वागतयोग्य है। यह विकसित भारत का बजट है। यह बजट युवा, गरीब, महिला, किसान के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।

### युवा, महिला, किसान और गांव का बजट : अविनाश



भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस आम बजट में यह बजट युवाओं, महिलाओं, किसानों व गांव का है। इससे देश बढ़ेगा।

### बजट में सभी वर्गों का रखा गया है ख्याल : सोमेश सिंह



भाजपा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने बजट पर कहा कि यह एक शानदार बजट है इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। सरकार सभी वर्ग पर सबसे ज्यादा फोकस कर रही है।

### बजट प्रशंसनीय व स्वागतयोग्य है : किशोर पांडेय



आम बजट 2024 पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने बजट को स्वागत योग्य और प्रशंसनीय बताया। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट विकसित भारत का बजट है।

### अब देश के युवा नहीं रहेंगे बेरोजगार : इंद्रजीत डिंपल



पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने कहा कि विकसित भारत के लिए एक शानदार पहल है। बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है।

### आमलोगों के पक्ष में है बजट : राकेश सिंह



रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के प्रदेश उपाध्यक्ष मजदूर नेता राकेश सिंह ने कहा कि बजट में आम लोगों का ख्याल रखा गया है। इनकम टैक्स पर छूट के रूप में गिफ्ट मिला है।

## विपक्ष ने कहा- लुटिया डुबोने वाला बजट

### खाद्यान्न पर जीएसटी पेट पर मारनेवाला बजट : राजेंद्र सिन्हा



झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने केंद्रीय बजट पर कहा कि यह बजट देश के आम, गरीब, मेहनतकश मजदूर के पेट पर लात मारनेवाला बजट है। एक तरफ केंद्र सरकार ने बहुमूल्य सामान सस्ता किया है वहीं दूसरी ओर आम गरीबों की रोजमर्रा वाली वस्तुओं पर टैक्स लगाकर निवाला छीन है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में संपूर्ण खाद्य सामग्री को जीएसटीमुक्त करना चाहिए था जो नहीं किया गया।

### गरीबों को छलनेवाला है बजट : धनंजय पासवान



राजद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धनंजय पासवान ने कहा कि केंद्रीय बजट गरीबों को छलनेवाला है। इस बजट से गरीब मध्यमवर्गीय परिवार अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। यह रोजगार सृजन की ओर ले जानेवाला बजट नहीं है। इससे देश में गरीबी और तेजी से बढ़ेगी।

### आमजन विरोधी व कॉर्पोरेट पक्षी है यह बजट : रूचिर



भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी देश के लिए पेश किया गया बजट को कॉर्पोरेट पक्षी बताया। जिसमें दवाएं महंगी होगी युवाओं को रोजगार देने के नाम पर गुमराह करने का केवल आश्वासन दिया गया है। बजट में शिक्षा के क्षेत्र में कोई नयी योजना नहीं है।

# एमके डीएवी में खेल महाकुंभ शुरू

- डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2024 की संकुल स्तरीय प्रतियोगिता हुई प्रारंभ
- स्कूल प्रबंधन का नैतिक मूल्यों को छात्रों में भरना प्रशंसनीय कार्य : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट 2024 के अंतर्गत संकुल स्तरीय प्रतियोगिता एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में आयोजित की गयी है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के कुल सात विद्यालयों डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला, सिमडेगा, लातेहार, भवनाथपुर, लोहरदगा, गढ़वा एवं डालटेनगंज की टीमें भाग लेंगे। यहां कुल 10 खेलो बसु, ताइक्वांडो, कराटे, बॉक्सिंग, जूडो, वेटलिफ्टिंग, रेसलिंग, शूटिंग, रोलर स्केटिंग, लॉन टेनिस की प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि के आगमन के साथ प्रारंभ हुआ। अतिथियों को मंच तक विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ले गए। अतिथियों के आगमन पर पुष्प वर्षा एवं तिलक लगाकर तथा पुष्पा गुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात वेद मन्त्रों के साथ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से खेल ध्वजारोहण किया गया। डीएवी गान के बाद खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। तत्पश्चात छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इसके उपरांत विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के डॉक्टर जीएन खान ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति का आभार व्यक्त किया।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

# सीएम रोजगार सृजन योजना के शिविर का जायजा लेने पांकी पहुंचे डीडीसी

›› बुधवार को भी लगाया जायेगा शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडों में शिविर लगाकर युवाओं से आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के विश्रामपुर, पांडू, पांकी, तरहसी, उंटारी रोड, नौडीहा बाजार, नवा बाजार, हैदरनगर व मोहम्मदगंज में शिविर लगाया गया। इस दौरान पांकी में लगाये गये शिविर का उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने जायजा लिया। उन्होंने बीडीओ अरुण मुंडा को सभी योग्य युवाओं के बीच रोजगार का मार्ग प्रस्तुत करने की दिशा में प्राप्त हुए आवेदनों का ऑन स्पॉट ऑनलाइन एंट्री करने को लेकर निर्देशित किया। इसी तरह तरहसी ब्लॉक में लगाये गये शिविर का जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने निरीक्षण किया। वहीं विश्रामपुर प्रखंड के जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश सिंहा ने अवलोकन किया। बुधवार को मेदिनीनगर, पड़वा, पाटन में शिविर लगाया जायेगा।



**इन दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचने की एडवाइजरी :** प्रखंड में लग रहे विशेष शिविर को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि शिविर में जो कोई भी योजना के तहत लाभ लेना चाहते हैं वे अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, सरकारी नौकरी में नहीं होने का शपथ पत्र लेकर पहुंचें ताकि ऑन स्पॉट एंट्री करायी जा सके। अगर कोई वाहन लेने को इच्छुक है तो वे वाहन का अद्यतन कोटेशन के साथ आयें।

# पांकी विस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता : डॉ मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ढेला रोड में आरसीसी नाली निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।

मौके पर विधायक डा मेहता ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र विकास के मामले में अन्य प्रखंडों से बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में सड़कों, पुल पुलिया के निर्माण से ग्रामीणों का आवागमन सुलभ हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता को बुनियादी सुविधा मिले व उनके समस्या का समाधान हो इसके लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपनी समस्या को बतायें उसका निदान किया जायेगा।

मौके पर चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, मुखिया पति वीरेंद्र चंद्रवंशी, समाजसेवी कमेश यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि मंदीप मेहता, संजय सोनी, सुनील कुशवाहा, अरविंद मेहता, सुधीर तिवारी, दिलीप मेहता, चिंटू सिंह, चंदन मेहता, वशिष्ठ मेहता, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू समेत कई लोग उपस्थित थे।



# सोमर भुइयां हत्याकांड का मनातू पुलिस ने किया उद्भेदन, पत्नी व पुत्र गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी सोमर भुइयां की हत्या कर सुनसान क्षेत्र में फेंक दिया गया था। पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। इस संबंध में थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि 17 जुलाई को सोमर भुइयां की हत्या की गयी थी। इस मामले में अनुसंधान के क्रम में पत्नी पानो देवी व पुत्र राजदेव भुइयां से जब पूछताछ किया गया तो हत्या का रहस्य चौकानेवाला था। उन्होंने बताया कि मृतक की पत्नी पानो देवी ने हत्या की घटना को स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक सोमर भुइयां झाड़ फूंक का काम करता था जो नित्य प्रतिदिन नशे में रहकर घर में विवाद करता था। साथ ही पतोहू पर गलत निगाह रखता था। साथ ही उसके साथ गलत संबंध बनाने का दबाव बनाता था। जो हमसभी को नागवार गुजरता था। पानो देवी ने पुलिस को बताया कि उसके 12 बच्चे जन्म लिये थे जिसमें आठ बच्चों की मौत हो गई थी। इसमें मुझे संदेह है कि मृतक के द्वारा ओझा गुणी कर बच्चों को मौत के घाट उतारा गया। उसने बताया कि पतोहू पर बराबर अपशब्द व गलत लांछन लगाता था। 17 जुलाई को मृतक नशे में आकर पतोहू के प्रति गलत गलत बोलने लगा। जिसे गुस्से में आकर टांगी से मारकर हत्या कर दिया। साथ ही पुत्र राजदेव के साथ मिलकर शव को छिपा दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मां बेटा दोनों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों के साथ फरार चल रहे दो वारंटियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी-पदाधिकारी।

### पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**पाटन पलामू।** नावाजयपुर थाना कांड संख्या 21/21, दिनांक 03/07/2021 के प्राथमिक अभियुक्त लक्ष्मण यादव, उम्र–34 वर्ष, पिता– गुली यादव उर्फ श्रवण यादव, पता– माहुरी, सिंजो, थाना– तरहसी एवं विजय यादव, उम्र–40 वर्ष, पिता– स्व. ताजो यादव, पता– कतरी, थाना– नावाजयपुर, जिला– पलामू को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया। मारपीट के केस में वह अभियुक्त था।

### ममता भुइयां बनीं राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष



**पाटन पलामू।** राजद नेत्री ममता भुइयां को प्रदेश राजद का उपाध्यक्ष बनाया गया है। ममता के पिछले लोकसभा चुनाव में मिले जनसमर्थन को देख पार्टी ने विश्वास जताते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर आसीन किया है। ममता के राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर पाटन के राजद कार्यकर्ताओं में खुशी है तथा शुभकामनाएं दीं है। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर ममता ने कहा कि जिस तरह पार्टी ने मुझपर विश्वास जताया है मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगी। साथ ही पार्टी के द्वारा जो भी दायित्व मुझे मिलेगी उसको भरपूर निभाने का कार्य करेंगे।

### धनंजय पासवान बने राजद के पलामू जिलाध्यक्ष



**मेदिनीनगर।** राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने मोहन विश्वकर्मा को जिलाध्यक्ष पद से मुक्त कर छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। इसके बाद से पलामू जिलाध्यक्ष का पद खाली था। इसे ध्यान में रख प्रदेश अध्यक्ष ने धनंजय पासवान को राजद का पलामू जिलाध्यक्ष मनोनीत कर पूरे जिला में प्रखंड व पंचायत स्तर पर कमेटी का विस्तार करने व पार्टी को मजबूती देने का निर्देश दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने नवनियुक्त अध्यक्ष को कहा कि झारखंड विस चुनाव नजदीक है इसलिए नये व पुराने कार्यकर्ता में सामंजस्य बनाकर पार्टी को मजबूती प्रदान करें। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गढ़वा जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी ममता भुइयां, विजय राम व अन्य लोग मौजूद थे।

### सरकार समिति की अनुशंसा को लागू करे : रंजय

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ शाखा पलामू ने राजव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन जिला समाहरणालय परिसर में मार्च निकाल धरना दिया। संघ के अध्यक्ष रंजय सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा अनुमोदित उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा के आलोक में लिये गये निर्णय को सरकार लागू करे। साथ ही पद सृजन की कार्रवाई करे। कहा कि सरकार हमारी नौ सूत्री मांगों को नजरअंदाज कर रही है। कहा कि चतुर्थवर्गीय कर्मियों को योग्यता व वरीयता के आधार पर बिना किसी परीक्षा के समाहरणालय लिपिक संवर्ग के 15 प्रतिशत आरक्षित पदों पर अविलंब प्रोन्नति प्रदान करे।

# शूटिंग में पलामू ओवरऑल चैंपियन

- लातेहार जिला उप विजेता बना
- बेस्ट फायरर का अवार्ड पलामू जिला बल के आरक्षी विक्रांत को मिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता 2024 का आयोजन गढ़वा जिला के द्वारा किया गया था। जिसका फायरिंग का कार्यक्रम बोकारो में जैप 4 के फायरिंग बट पर दिनांक 20 एवं 21 जुलाई 2024 को किया गया। जिसमें पलामू गढ़वा एवं लातेहार जिला के पुलिसकर्मि एवं पदाधिकारीयों ने भाग लिया। शूटिंग प्रतियोगिता में पलामू जिला बल ऑल ओवर चैंपियन बना जबकि लातेहार जिला उप विजेता बना एवं बेस्ट फायरर का अवार्ड पलामू जिला बल के आरक्षी 1615 विक्रांत दुबे को मिला। जिन्होंने फायरिंग के दौरान तीनों जिला में सबसे अच्छा फायरिंग कर यह अवार्ड जीता। विक्रांत दुबे वर्तमान में पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष भी है। शूटिंग प्रतियोगिता में फायरिंग के बाद मेडल शिरोमणि का आयोजन सह प्राइज वितरण का कार्यक्रम गढ़वा एसपी ने गढ़वा कॉन्फ्रेसिंग हॉल में किया। शूटिंग प्रतियोगिता के दौरान अच्छे फायरिंग करने वाले जवानों को मेडल एवं बेस्ट फायरर को मेडल एवं कप देकर गढ़वा एसपी ने सम्मानित किया।



# संत मरियम के कराटेकारों को दो गोल्ड व एक सिल्वर मेडल

- इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप के लिए हुए चयनित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मथुरा में आयोजित 18वां नेशनल मार्शल-आर्टस चैंपियनशिप के कराटे इवेंट में संत मरियम विधालय के बाल कराटेकारों ने अपने वेट कटेगरी में फुर्ती व मजबूती के साथ फाइट करते हुए दो गोल्ड एवं एक सिल्वर मेडल अपने नाम किया। ओम प्रकाश यादव और सुंदरम सिंह को गोल्ड मेडल एवं प्रिंस चंद्रवंशी को सिल्वर मेडल मिला। यह प्रतियोगिता निंजा स्पोर्ट्स फेडरेशन महासंघ ने 20-21 जुलाई को मथुरा स्थित गोवर्धन चौक के समीप अंगोरी फार्म हाउस में आयोजित किया था। जहाँ 22 राज्यों के मार्शल-आर्टस खिलाड़ीयों ने हिस्सा लिया। संत मरियम विधालय के जीते हुए तीनो छात्रों को भुटान में आयोजित इन्टरनेशनल चैम्पियनशिप के लिए चयन महासंघ के ग्रैंड मास्टर डॉ विकास सांधु के द्वारा फाईट के आधार पर किया गया।



# बूथ कमेटी मजबूत कर चुनावी तैयारी में लग जायें कार्यकर्ता : सुधा चौधरी

- जदयू की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जदयू की बैठक बेलवाटिका डालमियानगर कैंपस स्थित जिला कार्यालय में हुई। जिसमें बूथ कमेटी मजबूत करने, पाटन छतरपुर विस क्षेत्र के सभी बूथों पर 10-10 सक्रिय कार्यकर्ताओं की जवाबदेही तय करने, बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कराने एवं संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह छतरपुर विस क्षेत्र के पूर्व विधायक सुधा चौधरी ने कहा कि झारखंड विस चुनाव पर हम सबके सिर पर है। इसे कोई कार्यकर्ता हल्के में न लें। चुनाव कोई भी हो उसे चुनौती के रूप में लें। साथ ही मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतर कर पार्टी सुप्रीमो सह बिहार के सीएम नीतीश कुमार के विचारों तथा बिहार मॉडल को लेकर जन-जन में पहुंचायें।



### टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के पुराना बस स्टैंड के समीप मंगलवार को रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर करीब चार बजे टैंकर की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि दूसरा घायल हो गया है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। सतबरवा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच में भेज दिया है। बताया जाता है कि लातेहार जिला के तुरीडीह निवासी कृष्ण मोहन भुइयां (30) तथा

# 172 बेरोजगारों की ऑन स्पॉट एंट्री

- उंटारी रोड प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना। शिविर में रोजगार से संबंधित स्टाल लगाये गये थे, जहां सभी पंचायत के प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा ऑन द स्पॉट ऑनलाइन 172 फॉर्म की एंट्री भी की गयी।

इस दौरान उपस्थित युवाओं को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी गयी और उनके आवेदन की प्रक्रिया सरल बनाने के लिए ऑनलाइन फॉर्म की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी। बीडीओ आशा साहू ने बताया कि भविष्य में इस योजना को और अधिक प्रचारित करने और लोगों को इसके लाभों के प्रति जागरूक करने के लिए कदम उठाये जायेंगे।



# छतरपुर एसडीओ ने किया सनराइज हॉस्पिटल व ट्रामा सेंटर का उद्घाटन

- सभी सुविधाओं के साथ 24 घंटा बेहतर इलाज के लिए अच्छे डॉक्टर रहेंगे उपलब्ध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर अनुमंडल रोड स्थित नूरी कॉम्प्लेक्स में सनराइज हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर खोला गया। सेंटर का उदघाटन छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार ने मंगलवार को फीता काट कर किया। इन्होंने कहा कि छतरपुर में हॉस्पिटल और ट्रामा सेंटर खुलना छतरपुर के लिए अच्छी बात है । छोटी बीमारी के इलाज के लिए औरंगबाद या मेदिनीनगर जाना पड़ता है अब छतरपुर में ही इलाज होगा जिससे आने-जाने का खर्च भी बचेगा। हालांकि उन्होंने संचालक को इस नेक कार्य के लिऐ शुभकामनाए दिया और जनता को ध्यान में रखते हुए सभी इक्यूपमेंट और मरीजोंको मिलने वाली बेहतर सुविधाएं के साथ अच्छे तरीके से संचालन करने की बात कही। हॉस्पिटल और ट्रामा सेंटर के संचालक रिजवान आलम ने कहा कि फिजिसियन और सर्जन डॉक्टर के साथ आईसीयू, एनआईसीयू के साथ 24 घंटा बेहतर इलाज के लिए अच्छे डॉक्टर उपलब्ध है। मौके पर समाज सेवी अरबिंद गुप्ता उर्फ चुनमुन, अनवर, सलामत अंसारी, सगीर अहमद, दस्तगीर अंसारी, संतोष यादव, जुनैद अंसारी गणेश यादव, यूनुस अंसारी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

# कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडेय से मिले सदर बीस सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर के 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव रामानंद पाठक ने झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री दीपिका सिंह पांडे से उनके रांची स्थित आवास पर जाकर मुलाकात किये। उपाध्यक्ष ने सबसे पहले नवनियुक्त कृषि मंत्री को मंत्री पद मिलने पर बुके देकर बधाई दी। साथ ही पलामू एवं आसपास के क्षेत्र के तमाम प्रखंडों में अभी तक औसतन कम वर्षा को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पलामू गढ़वा एवं जिला क्षेत्र के किसान पूर्ण रूप से धान की खेती पर आश्रित रहते हैं और इस वर्ष भी अभी तक जो वर्षा हुई है वह बिल्कुल ही कम हैं। खेतों में पानी नहीं रहने के कारण बहुत जगह धान की रोपाई भी नहीं हो सकी है। किसान जो मक्का एवं दलहन फसल लगाये हैं वह भी बारिश के आस मे बैठे हैं। कृषि मंत्री ने पूर्ण रूप से श्री पाठक को आश्वस्त करते हुए कहा कि कहा कि किसानों को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होने देंगे।



**खास बातें :** उन्होंने कहा कि कम बारिश के चलते अगर किसानों का फसल नष्ट होता है तो ऐसी स्थिति में राज्य सरकार किसानों के हित में सकारात्मक कार्य की जाएगी इसके लिए विभाग के सभी पदाधिकारी को अलर्ट मोड में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की मदद के लिए सरकार द्वारा एक बड़ा कदम उठाया गया है। इसके अनुसार, अब किसानों का ऋण 50 हजार रुपये से लेकर 2 लाख तक माफ किया जायेगा। यह योजना किसानों को कर्ज से मुक्ति प्रदान करके उन्हें आर्थिक दुविधाओं से बचाने में मदद करेगी। इससे कृषि अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जा सकेगा। अब राज्य के किसान सही समय पर ऋण लेकर नई फसलें लगा सकेंगे। मुलाकात करने में सदर मेदिनीनगर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप विलियम मौजूद थे।

